# नगर आयुक्त ने कुम्भ कार्यो का किया निरीक्षण, 2 लाख का लगा जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज द्वारा आज दिनांक 30 दिसम्बर 2023 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे कुम्भ के निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया गया। कुम्भ कार्यो के अन्तर्गत सलोरी में ईश्वर शरण पुलिस चौकी पी0एन0बी0 तिराहे से पानी टंकी, बहादुर चाय की दुकान होते हुए भुलई का पुरवा मकान नं0 134/27/3 एम/6 हरिशचन्द्र शुक्ला के मकान तक व गीतांजली हार्डवेयर से मनोज टेण्ट हाउस होते हुए काली माई की मन्दिर से स्वराज नगर बड़ा पार्क होते हुए अपट्रान चौराहे तक निर्माण कराया जा रहा है निरीक्षण के दौरान नालियों का निर्माण मानक के अनुरूप नही पाया गया जिसपर नगर आयुक्त द्वारा रोष व्यक्त करते हुए अधिशाषी अभियन्ता तथा अवर अभियन्ता को कड़ी फटकार लगाई गयी एवं अधिशाषी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म मेसर्स वाई पी कंस्ट्रक्शन प्रोपराइटर यतेन्द्र पाण्डेय के विरूद्ध रू0-2 लाख जुमार्ना किया जाए, साथ ही निर्माण कार्यो में लाए जाने वो कंसट्रकसन मटेरियल की सैमपलिंग कराया जाए साथ ही ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्यो में मानक के विपरीत कराये गये कार्यो को ध्वस्त करते हुए पुनः निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये गये।



उक्त कार्य हेतु सम्बन्धित अवर अभियन्ता को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि इस तरह की लापरवाही की पुनरावृत्ति न की जाए। जोन 3 कटरा में घोष स्वीट हाउस से शुक्ला मार्केट ईश्वर शरण डिग्री कालेज पहलवान बाबा मजार होते हुए सदियाबाद रोड तिराहा एम0ई0एस0 क्वाटर तक सड़क सुदृढीकरण एवं पटरी नाली निर्माण का कार्य भी काफी धीमी रफ्तार में होता पाया गया इस निर्माण कार्यो में भी नगर आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि मानक के विपरीत निर्माण कार्यो को ध्वस्त कर पुनः नालियों का निर्माण कराया जाये साथ ही सम्बन्धित ठेकेदार को चेतावनी दी गयी कि यदि अपने कार्यो में सुधार नही लाया गया तो इनके विरूद्ध भी जुमार्ने की कार्यवाही अमल में लायी जाये एवं सम्बन्धित अवर अभियन्ता को चेतावनी पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिये गये। बालसन चौरहा पेट्रोल पम्प के पास कर्नलगंज इण्टर कालेज कुन्दन गेस्ट हाउस, अल्लापुर पुलिस चौकी, लेबर चौराहा, बजरंग चौराहा होते हुए अलोपी मन्दिर तक दर्शन चौराहे तक सड़क नाली सुधार कार्य में निरीक्षण के दौरान बताया गया कि लोगो द्वारा रैम्प का निर्माण करा रखा है जिससे कार्य कराये जाने मे काफी कठिनाईयों का समाना करना पड़ रहा है साथ नालियों के निर्माण में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर नगर आयुक्त द्वारा अपर नगर आयुक्त (बी) को निर्देशित किया गया कि तत्काल सभी भवनों पर रेड मार्क लगाते हुए सम्बन्धित भवन स्वामियों को नोटिस भेजा जाए कि वह स्वतः ही अपना अवैध निर्माण तोड़वा लें अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही हेतु बाध्य होना होगा। इसी के साथ ही सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार को 15 दिनों का समय इस हेतु दिया गया कि अपने निर्माण कार्यों में सुधार लाएं अन्यथा जुमार्ना/काली सूची में डाले जाने आदि की कार्यवाही नियमानुसार अमल में लायी जाए। इसी प्रकार अल्लापुर में भी पुलिस चौकी से बक्शीबॉध पम्पिंग स्टेशन व बाद्यम्बरी गद्दी होते हुए ओल्ड जी0टी0रोड तक सड़क सुधार कार्य का भी निरीक्षण किया गया इस कार्य में भी कार्य की प्रगति काफी धीमी पायी गयी जिसपर नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता तथा अवर अभियन्ता को कार्यो में प्रगति के साथ ससमय कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अम्बरीश बिन्द, कर्नल आर0बी0सिंह सभी अधिशाषी अभियन्ता, अवर अभियन्ता सम्बन्धित फर्म के ठेकेदार एवं नगर निगम की अतिक्रमण टीम भी उपस्थित रही।

## बाल मेले में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा स्टालों पर जुटी भीड़



**करछना।** प्रयागराज के बी. एम.जी. इंटर कॉलेज बघेडा. में शनिवार को बाल मेला आयोजित हुआ। जिसमें छात्र व छात्राओं की ओर से रंग बिरंगी दुकाने सजाई गई थी। वहीं खान- पान के स्टाल भी लगाए गए थे। जिसमें बच्चे स्टालों पर राष्ट्रीय मिष्ठान जलेबी सहित रसगुल्ला, आलू दम, फुलकी आदि व्यंजनों की जमकर बिक्री भी की ।और स्कूली बच्चों ने जमकर खरीददारी भी की। मेले में खूब चहल पहल रही। बाल मेले का बच्चों ने खूब लुत्फ भी उठाया। बाल मेले में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज करछना के प्रधानाचार्य मदन मोहन शंखधर मौजूद रहे। उनकी ओर से बाल मेले का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। वहीं मेले में बने व्यंजनों से बच्चों की ओर से लगाए गए स्टालों की प्रशंसा भी की। और स्वयं मुंह मीठा भी किया ।उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ-साथ सभी कला -कौशलों में निपुण रहना चाहिए। उन्होंने कालेज के व्यवस्थापक समेत शिक्षक व शिक्षिकाओं के ऐसे कार्यक्रमों के प्रति बधाई भी दी। और कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में सर्वांगीण विकास होता है ।विद्यालय के व्यवस्थापक धर्मेंद्र सिंह व प्रधानाचार्य प्रसन्न जीत बनर्जी के सहित शिक्षक व शिक्षिकाओं की ओर से मेले के रसास्वादन से समापन भी किया गया। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह ,शिशिन सिंह, रिंकू सिंह, यशी सिंह, अवधेश सिंह , राघवेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## सड़क खनन में पेयजल पाइप टूटी, पेयजल संकट गहराया

**विभागीय लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त**

**हनुमानगंज।** बहादुरपुर ब्लॉक के कोटवा ग्राम सभा में स्थित पेयजल टंकी की मुख्य जलापूर्ति पाइप सड़क खोदाई में क?ई जगह टूट जाने से तीन ग्राम सभाओं के समक्ष हफ्तेभर से पेयजल संकट गहराया हैं। कोटवा ग्राम प्रधान संकर्षण सिंह ने मेलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर अविलंब टूटी पाइप ठीक कराने की मांग की है। प्रधान के मुताबिक 1968 में यह पेयजल टंकी स्थापित हुई थी। पहले ही दर्जनों जगह पानी लीकेज हो रहा था। जिससे लो प्रेसर में किसी तरह कोटवा, बर?ईपुर, जमुनीपुर में पानी पहुंच रहा था। आठ दिन पहले कुंभमेला के मद्देनजर सड़क चौड़ीकरण के दौरान जेसीबी से खोदाई के दौरान क?ई जगत मुख्य जलापूर्ति पाइप तोड़ दिए जाने से 30 हजार ग्रामीणों के समक्ष पेयजल का संकट गहराया हैं। जलापूर्ति पाइप को ठीक करने में बरती जा रही लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

## सीनियर सिटीजन दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिरकत कर भाजपा नेता ने पुरस्कृत कर किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** झूंसी पैरंट्स प्राईड विद्यालय के प्रांगण में दादा-दादी,नाना-नानी दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दादा-दादी के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।छोटे-छोटे बच्चों द्वारा अद्भुत कार्यक्रम की प्रस्तुति मनमोहन रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी एवं सेंट्रल एकेडमी ग्रुप आफ स्कूल्स के चेयरमैन भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ संगम मिश्र ने कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे प्रतिभागियों एवं दादा-दादी,नाना-नानी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सभा की अध्यक्षता करते हुए सेंट्रल एके-डमी के डायरेक्टर एस.के.तिवारी कहा बच्चों को सदैव कड़ी मेहनत करके पढ़ाई करनी चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज



के मेयर मा उमेश चंद्र गणेश केसरवानी उपस्थित रहे।स्कूल के अध्यक्ष भाजपा के बरिष्ठ नेता डॉ. संगम मिश्र ने महापौर का गर्म जोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कथक केंद्र अकादमी की निदेशक श्रीमती उर्मिला शर्मा,विश्व हिंदू परिषद काशी प्रान्त के संस्कृत प्रमुख शंकर देव त्रिपाठी ,पार्षद गुलफरोज खान ,सुमित निषाद ,शिवनारायण यादव, राम केसरवानी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष दिलीप निषाद ,व, सेन्ट्रल अकादमी विद्यालय के प्राचार्य आनंद पांडेय,सराय इनायत स्कूल की प्राचार्य श्रीमती ऋचा त्रिपाठी,श्री चंडी दत्त तिवारी, श्री विद्या शंकर उपाध्याय, डॉ .ओपी तिवारी एवं दिव्यान्शू वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती दीप्ति मिश्रा ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए आए हुए सभी गणमान्य लोगों को धन्यवाद दिया।

## भारत विकसित तभी होगा जब पारा गांव का विकास होगा : योगेश शुक्ल

**मेजा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विधान सभा कोरांव के ग्राम पंचायत पारा बेलवनिया में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश शुक्ल उपस्थित होकर देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिए। इस अवसर भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कहा कि हमारे ग्राम में आज देश के प्रधानमंत्री जी ने विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित करने का काम कर रहे हैं, कन्यासुमंगला योजना, किसान सम्मान निधि सहित सैकड़ों योजनाओं से विकसित हो रहा है, अगर आप सबको भारत विकसित करना है तो उत्तर प्रदेश जब विकसित होगा, उत्तर प्रदेश तब विकसित होगा जब प्रयागराज विकसित होगा, प्रयागराज विकसित तब होगा जब पारा ग्राम विकसित होगा। इसलिए आप सब लोग अपने

### योजनाओं की ग्रामीणों को दी गई जानकारी



मन में एक भाव रखिए कि पारा मेरा दुनिया है, इस संकल्प से हम लोग देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सपनो को हम 2047 में भारत को विकसित देश बना सकेंगे। इस अवसर पर सुभम तिवारी युवा समाज सेवी,संजय तिवारी पूर्व प्रधान, रामेश्वर सिंह सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, विंध्यवासिनी कुशवाहा, ग्राम विकास अधिकारी मिथिलेश मौर्य जी, पंचायत सहायक अभय कुशवाहा, हरी मोहन पांडेय, दुर्गा पांडेय, शशि तिवारी, ममता श्रीवास्तव , सरोज शुक्ला, सविता देवी, सुनील मिश्रा, हरी कांत पांडेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से गूंजा जंघई बाजार

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले 'अक्षत पूजन कलश यात्रा' जंघई बाजार में पूरा क्षेत्र जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से गूंज उठा।22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इससे पहले देश भर में अक्षत पूजन कलश यात्रा निकाली जा रही है। श्रीराम जानकी मंदिर जंघई से निकली अयोध्या पूजित अक्षत कलश यात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुषों की भीड़ उमड़ पड़ी।जय श्रीराम के नारों और भगवान राम के गीतों के डीजे के साथ यह यात्रा निकाली गई। यात्रा के पूर्व श्री राम जानकी मंदिर में कलश का पूजन अर्चन किया गया। आचार्य धीरज द्विवेदी, आचार्य सूर्यकांत तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजन अर्चन आरती करवाया तत्पश्चात भव्य कलश रथयात्रा पर रखा गया। उसके बाद कलश शोभायात्रा निकाली गई जगह-जगह महिलाएं और पुरुष उनके स्वागत के लिए खड़े थे साथ ही डीजे की धुन पर जमकर भक्त नाच रहे थे।दरअसल, श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के तहत हर घर महा संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था हेतु सरायममरेज एवं पुलिस चौकी इंचार्ज विजेंद्र कुमार राय अपने स्टाफ के साथ मौजूद रहे। इस अवसर परमंदिर के महंत चंद्रमा दास महाराज, ब्लाक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव, हृदय नारायण मिश्र, बच्चन मिश्रा, शेषमणि पांडेय, रमेश तिवारी, रुद्र प्रताप सिंह, राजू सिंह भाईसाहब, सत्येंद्र मणि शुक्ल, अरविंद शुक्ला, विमलेश पटेल, अशोक दुबे, बबलू सिंह, राजू सिंह, राजा मौर्य, मनोज दुबे, रिंकू मिश्रा, आशीष दुबे, किशन पाठक, शैलेश पाठक, आयुष जायसवाल, प्रभात





सोनी, रोहित ब्राह्मण, आकाश सिंह, गौरव राजपूत, गुड्डू जायसवाल, विक्की जायसवाल, अंशुमान शुक्ला, प्रदीप शर्मा, आशीष सरोज, संजय दुबे, प्रेम सागर साहू, अखिलेश, अमित सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस की तफ्तीश में हत्या का राज खुला

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र में मासूम बच्चे की हत्या का पुलिस ने राज खोला बड़ी हल्दी गांव में छह साल के मासूम तमीम की नृशस हत्या का राज खुल गया है। पुलिस की तफ्तीश और जांच में चौंकाने वाले राज खुले हैं। तमीम को उसके साथ ही खेलने वाले तेरह साल के दोस्त ने मौत के घाट उतार दिया।कक्षा पांच में पढ़ने वाले हत्यारोपित को पुलिस ने पकड़ लिया है। जरा सी सख्ती पर आरोपित ने हत्या से पहले, हत्या और उसके बाद की कहानी उगल दी। तेरह साल के कातिल की क्रूरता से पुलिस भी सकते में है। उसे लगा था कि चेहरे पर ईट मारने से तमीम की पहचान देर से होगी। हत्या की वजह नाबालिग आरोपित का सिरफिरा ही होना है। हत्या वाली दोपहर तमीम अपने दोस्त के साथ खेल रहा था। जब दोनों खेल रहे थे तो कई और बच्चे भी थे। चूंकि तमीम की हत्यारोपित से ज्यादा पटती थी और दोनों एक ही स्कूल में पढ़ते थे इसलिए तमीम उसके साथ दूर चला गया। फिर झाड़ियों में तमीम का दोस्त उसके साथ गलत हरकत करने की कोशिश करने लगा। तमीम ने विरोध कर शोर मचाया तो डर गए आरोपित ने ईट उठाकर उसके सिर पर दे मारी। तमीम गिरा तो आरोपित ने कई बार ईट से उस पर प्रहार किया। पुलिस आरोपित को जुवेनाइल कोर्ट में पेश करने की तैयारी में है। उसके खिलाफ साक्ष्य जमा कर लिए गए हैं। बता दें कि हल्दी गांव का रहने वाला बच्चा बुधवार शाम से लापता हो गया था। गुरुवार सुबह उसकी खून से सनी लाश बरामद हुई थी।

## तीन नामजद व अज्ञात महिला के खिलाफ चोरी सहित मार पीट का मुकदमा दर्ज

### रास्ता बनाने के लिए गिरी गिट्टी, हटाने पर हुआ विवाद

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा।** इलाकाई थाना क्षेत्र अंतर्गत गिरधरपुर लठिहां पाल बस्ती में रास्ता बनाने के लिए गिराई गई गिट्टी हटाने पर हुई मार पीट। भुक्तभोगी के तहरीर पर तीन नामजद व अज्ञात महिला के विरुद्ध चोरी सहित मार पीट का मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मांडा थाना क्षेत्र के गिरधरपुर गांव निवासी कैलाश नाथ पाण्डेय पुत्र दया शंकर पांडेय ने मांडा थाने में तहरीर देकर बताया है कि गिरधरपुर लठिहा पाल बस्ती में मेरा खेत है जिसमे पास के ही लालमनी पाल ने चार ट्राली गिट्टी सड़क बनाने के लिए गिरा दिया था उक्त जानकारी पर शुक्रवार शाम लगभग सात बजे जेसीबी मशीन लेकर खेत में फैली गिट्टी हटवाने लगा उक्त दौरान लालमनी पाल व उनके लड़के रामचंद्र पाल, राम सागर पाल एवं महिला जेसीबी मशीन पर पत्थराव शुरू कर दिया।पत्थराव को देख किसी तरह जान बचा कर चालक जेसीबी मशीन लेकर भाग गया। भुक्तभोगी ने मांडा थाने में तहरीर देकर तीन नामजद व अज्ञात महिला के खिलाफ चोरी सहित मार पीट का मुकदमा दर्ज कराया है। मांडा इंस्पेक्टर वैभव सिंह ने भुक्तभोगी के तहरीर पर 30 दिसम्बर को मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है।

## दुकानों पर ओवर रेट पर बिक रही शराब

**जारी।** क्षेत्र के जसरा बाजार, जारी बाजार ,कौंधियारा और गन्ने में शराब को सरकारी रेट पर न बेच कर ओवर रेट बेचा जा रहा है। यह कार्य शराब दुकान मालिक आबकारी विभाग के अधिकारियों से मिली भगत से फल फूल रहा है। जिसकी वजह से आए दिन सेल्समैन और ग्राहक के बीच दुकानों पर झगड़े हो रहे हैं। गौरतलब है कि अंग्रेजी हो या फिर देसी शराब दुकान सभी दुकानों में प्रिंट रेट से दस से बीस रुपए अधिक दर पर बेची जा रही है, साथ ही शराब की दुकानों पर रेट लिस्ट भी नहीं लगी है। वहीं शराब की मिल रही शिकायत के बावजूद पुलिस-प्रशासन व आबकारी विभाग कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। जसरा बाजार के पल्लेदारों द्वारा बताया गया कि पल्लेदार राजकुमार गौतम ,कल्लू सोनकर, अखिलेश पासी, दयाराम पासी, पिंटू श्रीवास्तव, वीरेंद्र पासी, वही जारी के पल्लेदारों द्वारा बताया गया कि शराब की दुकानों पर काफी मात्रा में मिश्रण किया जा रहा है और अधिक दामों में बेचा जा रहा है।

## न्यूज झरोखा

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लोगों को किया गया जागरूक



**सहसों।** पीएम मोदी द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान भाजपा सहसों मण्डल के नगर निगम वार्ड मालवा बुजुर्ग व कसेरुआ कला में मण्डल अध्यक्ष अनिल सरोज की अध्यछता मे हुई। जिसमें मुख्य अतिथि वीरेन्द्र बहादुर सिंह अध्यक्ष भूमि विकास बैंक फूलपुर तथा विशिष्ट अतिथि जिला संयोजक नमामि गंगे भाजपा गंगापार राजधर द्विवेदी, पार्षद मालवां बुजुर्ग सियाराम मौर्य सहित राकेश सिंह आदि ने उपस्थिति जनमानस को सम्बोधित करते हुए पीएम मोदी द्वारा 2047 तक विकसित भारत बनाने का योजना साकार करने के लिये सभी लोगों को शपथ भी दिलाया गया। कार्यक्रम में नगर निगम के जोनल अधिकारी एवं डूडा के सभी कर्मचारीयों ने उपस्थिति ग्रामीणों की शिकायत सुना और उसका निराकरण करने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से रंजन त्रिपाठी, संतोष सिंह, लवकुश बिन्द, शिवा कांत मौर्य, अनिरुद्ध पाण्डेय, सुनील कुमार, सतीश कुमार, विकास गुप्ता आदि ग्रामीण एवं पार्टी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### हाईमास्ट लाइट का भारतगंज ईओ ने किया उद्घाटन



**मांडा।** क्षेत्र के नगर पंचायत भारतगंज में लगे हाईमास्ट लाइट की रोशनी से नगर पंचायत का मुख्य मार्ग दोनों पटरी रोशनी से जगमग हो गया। नगर पंचायत भारतगंज स्थित भारतगंज - प्रतापपुर मुख्य मार्ग गाड़ीवान कार्नर पर चेयरमैन प्रतिनिधि शकील टंकी व अधिशासी अधिकारी बंटी कुमारी द्वारा शनिवार शाम को हाईमास्ट लाइट कन्ट्रोलर पैनल बाक्स का फीता काट कर उद्घाटन किया गया। जिससे नगर का मुख्य मार्ग व दुकानें रोशनी से जगमग हो उठा। बता दें कि शनिवार को सैय्यद तैय्यब शाह बाबा का उर्स होने के कारण रोशनी की रंग बिरंगी छटा बिखरने से चार चांद लग गए। उर्स तैय्यबी रविवार को भी मनाया जाएगा। उक्त मौके पर हाईकोर्ट के पूर्व शासकीय अधिवक्ता भारत सरकार अब्दुल हक अंसारी, पूर्व सभासद मुस्ताक उर्फ लुल्ली, शकील मुंशी एवं कर्मचारीगण विशाल श्रीवास्तव, बड़े चन्दन सिंह,विनोद कुमार, शमशाद अहमद, वकील, इस्माईल खां,अफरोज अंसारी,साहिद, कल्लू अंसारी, नज्यू सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### भीषण ठंड में अलाव बना सहारा, जनजीवन अस्त-व्यस्त



**सहसों।** पिछले दो दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड में सूर्य देवता के दिखाई न देने से सर्द व गलन बढ़ गई है। जिसके चलते आम आदमी का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सुबह शाम ठंड के साथ कोहरे के कारण आम आदमी सर्दी के कारण बेहाल है। वहीं पर सहसों में व्यापारियों सहित समाजसेवियों ने आलाव जलवा कर ठंड से लोगों को राहत प्रदान की है। सहसों में समाजसेवी जयेश केसरवानी एवं गारापुर मे नवयुवक ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने अलाव जलवाकर कर ठंड से राहत पहुंचाई है। समाजसेवी राष्ट्रीय अध्यक्ष नवयुवक ब्राह्मण समाज लवकेश मिश्रा ने बताया कि इसी तरह भीषण ठंड पड़ती रहेगी तो यह अलाव लगातार अन्य बाजारों में भी जलवाया जाएगा ताकि लोगों को ठंड से राहत मिल सके। मौके पर ब्राह्मण समाज के सदस्य एवं अन्य राहगीर अलाव का आनंद लेते उपस्थित रहे।

### सफलता प्राप्ति के लिए जिद्दी व जुनूनी होना आवश्यक : डॉ सुग्रीव



**करछना।** शनिवार को ऋंगि ऋषि इंटर कालेज, घटवा प्रयागराज में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसके मुख्य वक्ता डॉ सुग्रीव सिंह ने कहा कि हमेशा हम सबको दशरथ माझी की तरह किसी भी कार्य को पूरे मेहनत, जोश व जूनून के साथ करना चाहिए। उन्होंने सफलता का मूलमंत्र सही सोच के साथ सही दिशा में करते हैं तो सही समय पर सफलता प्राप्त होगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप बोल रहे दर्शनशास्त्र के ज्ञाता डॉ अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि भगत सिंह, सरदार पटेल, चन्द्रशेखर आजाद की तरह किसी भी कार्य को पूरी निष्ठा के साथ करना चाहिए।धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ संतोष कुमार सिंह ने किया।इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र,शिक्षक आदि सम्मानित गणमान्य जन उपस्थित रहें।

### सेवानिवृत हुए खंड शिक्षा अधिकारी की हुई भव्य विदाई



**करछना** विकासखंड करछना में विगत 20 माह से कार्यरत खंड शिक्षा अधिकारी श्री अनिल त्रिपाठी की बेसिक शिक्षा परिवार द्वारा अनघ मंडपम गेस्ट हाउस में 700 से अधिक संख्या में शिक्षा शिक्षामित्र अनुदेशक परिचारक की उपस्थिति में मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री प्रवीण कुमार तिवारी की उपस्थिति में राजीव त्रिपाठी डीसी प्रयागराज एवं जनपद प्रयागराज के समस्त 21 इएड की उपस्थिति में और विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष मंत्री की उपस्थिति में भव्य संगीत तिवारी बंधु के भाव संगीत के साथ श्री आनंद त्रिपाठी भव्य विदाई का आयोजन हुआ इसके संयोजक बृजेश कुमार सिंह सहसंयोजक रणधीर कुमार शर्मा सिद्धराज सिंह त्रिवेणी शंकर अभिषेक कुमार संतोष कुमार लवकुश पांडे देवेंद्र प्रकाश रोशनलाल अंकित गुप्ता राहुल शुक्ला राजकर्ण पंकज अजय सिंह, हरीश रूषदा नाहिद नेहाल अहमद प्रदीप सिंह दिलीप सिंह अखंड प्रताप शरद शुक्ला नंदलाल ने कार्यक्रम में भूमिका अदा किया कार्यक्रम का संचालन अफ्ढ पुष्पराज सिंह ने किया

### सरकार की विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी

**मऊआइमा।** नगर पंचायत मऊ आइमा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कि गतिविधियों एवं कार्यक्रम के आयोजन के अन्तर्गत नगर पंचायत मऊआइमा के नाटी के मैदान पर आयोजित सभा में विभिन्न योजनाओं को बताया गया। बताया गया है कि शनिवार को राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओ जैसे पीएम स्वनिधि योजना,पीएम आवास योजना आदि योजनाओं के सम्बन्ध जनता को जागरूक किया गया तथा भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने कि शपथ ली गई ।उक्त कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी जगदम्बा सिंह अधिशासी अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा , अध्यक्ष मोहम्मद शोएब अंसारी, स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक हर्ष देव सिंह,वरिष्ठ लिपिक हीरालाल ,मोहम्मद आजम, भारत यादव, आशीष कपूर, रखशान आरिफ ,आदि नगर पंचायत के कर्मचारी गण, एवं सदस्यों और गणमान्य लोग मौजूद थे।

### घर घर जाकर दिया गया पूजित अक्षत व चित्र

**सहसों।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा राम मंदिर निमंत्रण हेतु पूजित अक्षत घर घर पहुंचाने के लिए आज शनिवार को इंजीनियर बद्रीप्रसाद सिंह के आवास पर बैठक हुई। जिसमें सहसों खंड के सभी न्याय पंचायतों के प्रत्येक गांव और घर तक भगवान श्री राम चन्द्र जी का निमंत्रण और अक्षत पहुंचाने के लिए कार्यकताओं को पूजित अक्षत और मंदिर का चित्र दिया गया। 1 जनवरी से 15 जनवरी तक प्रत्येक घर तक संगठन के कार्यकर्ता और सनातनी पहुंचेंगे तथा 22 जनवरी को हर ग्राम सभा के मंदिर पर भव्य कार्यक्रम होगा और उस दिन हर घरों में दीपोत्सव करके भव्य दीपावली मनाया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक दीपक द्विवेदी जिला सहमंत्री विहिप ने बताया कि प्रत्येक न्याय पंचायत के हर ग्राम सभा में समिति का निर्माण हो गया है। जो प्रत्येक घर जाकर लोगों को अक्षत और निमंत्रण देंगे। बैठक में स्वामी जी प्रान्त प्रमुख विहिप गौरक्षा, प्रखंड अध्यक्ष अशोक जी, मूलचंद्र , पवन सिंह जी, प्रियांशु तिवारी गौरक्षा, विनय पांडेय, शिव कैलास यादव जिला बौद्धिक प्रमुख आर एस एस सहित आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

**स्वास्थ्य सम्बंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरते, एक सप्ताह में अपेक्षित प्रगति न लाने वाले एमओआईसी को प्रतिकूल दिए जाने के दिए निर्देश**

**आयुष्मान कार्ड बनाने में खराब प्रगति वाले प्रभारी चिकित्साधिकारियों को एक सप्ताह में लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति लाये जाने के दिए निर्देश**

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में शनिवार को संगम सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने जेएसवाई, मंत्रा पोर्टल पर प्रसव की इंट्री, ई-कवच एप, आयुष्मान योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, आरसीएच पोर्टल पर पंजीकरण एवं अपडेशन के कार्यों सहित स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन के प्रगति की समीक्षा करते हुए हिदायत दी कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं है।आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की समीक्षा में जसरा की प्रगति खराब पाये जाने पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित एमओआईसी का वेतन रोकने के निर्देश दिए है साथ ही साथ उन्होंने अन्य जिन ब्लाकों में आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की प्रगति खराब है, वहां एक सप्ताह के अंदर प्रगति लाये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि एक सप्ताह के अंदर लक्ष्य के सापेक्ष जहां पर प्रगति नहीं पायी जाये, तो वहां के एमओआईसी को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए है। आशाओं के भुगतान की समीक्षा में बहादुरपुर एवं फूलपुर में आशाओं के भुगतान की प्रगति खराब पाये जाने पर सम्बंधित प्रभारी चिकित्साधिकारी को चेतावनी देते हुए शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। संस्थागत प्रसव की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के चिन्हीकरण एवं रजिस्टेज्शन में लापरवाही करने वाली एएनएम के विरूद्ध कार्रवाही किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का चिन्हीकरण करते हुए उनका शत-प्रतिशत रजिस्टेशन सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने प्रसूताओं को मिलने वाले इंसेंटिव की समीक्षा में सैदाबाद, बहरिया, सोरांव एवं हण्डिया में इंसेंटिव के भुगतान की प्रगति खराब पाये जाने पर सम्बंधित एमओआईसी को चेतावनी दिए जाने के निर्देश दिए है। मंत्रा एप पर बहरिया, बहादुरपुर, माण्डा की फीडिंग खराब पाये जाने पर सम्बंधित एमओआईसी को चेतावनी देते हुए शत-प्रतिशत फीडिंग कराये जाने का निर्देश दिया है। आरसीएच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं के रजिस्टेज्शन कराये जाने की समीक्षा में सुल्तानपुर भावा की प्रगति खराब पाये जाने पर तथा बैठक में अनुपस्थित रहने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आशु पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों सहित प्रभारी चिकित्साधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वंदे भारत समेत तीन ट्रेनें निरस्त, पटना-आनंद विहार 25 घंटे लेट

**प्रयागराज।** वाराणसी के लंका निवासी अभिषेक पांडेय अपने भाई और भाभी के साथ नया साल मनाने आनंद विहार जा रहे हैं। मुगलसराय में ट्रेन नहीं मिली तो प्रयागराज आ गए। यहां जंक्शन पर वह सुबह से अपनी ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं। पता चला कि जिस पटना-आनंद विहार एक्सप्रेस से उन्हें जाना है, वह 25 घंटे विलंब से चल रही है। इसी तरह आरा-आनंद विहार 20 घंटे लेट तो 12424 राजधानी एक्सप्रेस भी 2:30 ढाई घंटा विलंबित रही। शुक्रवार को वाराणसी से दिल्ली जाने वाली वंदे बारत दृश्यता ठीक न होने की वजह से निरस्त कर दी गई। इसी तरह लिच्छवी एक्सप्रेस और प्रथम स्वतंता सेनानी एक्सप्रेस भी निरस्त रहीं। जबकि, दर्जन भर से अधिक ट्रेने 5:30 से 25 घंटे तक लेट चलती रहीं। चेन्नई से अयोध्या रामलला के दर्शन के लिए अपनी पुत्री कृष्णावेणी को लेकर आईं सुचित्रा भी अपनी ट्रेन का इंतजार करते थक गईं।

**अधिकांश ट्रेनें विलंब से पहुंचीं**

यशवंतनगर एक्सप्रेस के इंतजार में वह प्लेटफार्म नंबर एक पर यात्री प्रतीक्षालय में अपनी परेशानी गिनाती रहीं। इसी तरह आजमगढ़ के दयालाल सोनकर अपन पत्नी और बहू के साथ जयपुर जाने के लिए निकले थे, लेकिन पांडिचेरी से नई दिल्ली जाने वाली उनकी ट्रेन पांच घंटे विलंबित रही। पुरुषोत्तम एक्सप्रेस 5:30 घंटा,पूर्वा एक्सप्रेस चार घंटा, कोलकाता -राजधानी 2:30 घंटा, नई दिल्ली से कोणार्क जाने वाली बीबीएस राजधानी 6:30 घंटा, नई दिल्ली से राजददेंद्र नगर राजधानी 2:45 घंटा और चोपन-प्रयागराज एक्सप्रेस तीन घंटे विलंब से चलती रही।

# आपसी विवाद के बाद दोस्त को मारी गोली, नाजुक

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** सोरांव थाना क्षेत्र के गधियांव के पास हाईवे पर एक युवक को गोली मार दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। गोली मारने वाला फरार हो गया है। बताया जा रहा है कि आपसी विवाद के दौरान दोस्त ने ही तमंचे से फायर कर दिया है।गधियांव हाईवे पर शुक्रवार की देर रात दो दोस्तों के बीच कहासुनी हो गई। इसी दौरान संदीप पटेल (30) को गोली मार दी गई। संदीप प्रतापगढ़ का रहने वाला बताया जा रहा है। गोली मारने वाला उसका दोस्त साहिल गधियांव का बताया जा रहा है। पुलिस ने छानबीन में जानकारी मिली है कि दोनों बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी होने पर साहिल ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली संदीप को लगी। अस्पताल में उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। आरोपी की खोजबीन की जा रही है।

# 260 भवनों का गृहकर वसूली शुरू हुई सीलिंग की कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम, प्रयागराज द्वारा गृहकर वसूली के क्रम में 50, हजार एवं उससे बडे. बकायेदारों पर जारी की गयी डिमाण्ड नोटिस पर बकायेदारों द्वारा गृहकर न जमा करने के कारण सभी जोन कार्यालय जोन-1 खुल्दाबाद, जोन-2 मुट्ठीगंज, जोन-3 कटरा, जोन-4 अल्लापुर, जोन-5 नैनी , जोन-6 ट्रांसपोर्ट नगर, के अन्तर्गत आने वाले वार्डों में कर अधीक्षकों द्वारा प्रस्तावित किये गये 260 भवनों पर कुर्की किये जाने का निर्णय लेते हुए नगर आयुक्त महोदय द्वारा दिनांक-21.12.2023 को समाचार पत्रों में कुर्की नोटिस की सूचना प्रकाशित करायी गयी। कुर्की नोटिस की सूचना प्रकाशित होने के उपरान्त भी जिन भवन स्वामियों द्वारा कुर्की नोटिस पर गम्भीरतापूर्वक संज्ञान नही लिया गया, उनपर विधिक कार्यवाही करने हेतु नगर आयुक्त नगर निगम, प्रयागराज द्वारा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी को जोनवार टीम गठित कराते हुये मौके पर पुलिस बल के साथ बकायेदारों के विरूद्ध भवनों के अटैचमेन्ट/सीलिंग की कार्यवाही हेतु निदेर्शित किया गया। जिसके अनुपालन में आज दिनांक-30 दिसम्बर 2023 कुर्की कार्यवाई की निर्धारित तिथि में जोन-4 अल्लापुर, में स्थित भवन संख्या 109/41/41 बाद्यम्बरी गद्दी बनाम रंजन सिंह आदि प्रयागराज के भवन पर बकाया धनराशि रूपया-6,24,205.00 के सापेक्ष कुर्की कार्यवाही पर अमल करते हुए भवन के मुख्य प्रवेश द्वार पर कुर्की/सीलिंग की कार्यवाई करते हुए उसे सील बन्द किया गया। कार्यवाही के दौरान नगर निगम जोन- 4 अल्लापुर के कर अधीक्षक व वसूली टीम के साथ नगर निगम दस्ता बल के साथ उपस्थित रहे।



# योगी से मिले केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सुशील सिन्हा

**प्रयागराज।** एशिया के सबसे बड़े ट्रस्ट (कायस्थ पाठशाला) ट्रस्ट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार सिन्हा आज शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने लखनऊ उनके आवास पर पहुंचे। वहां पर उन्होंने मुख्यमंत्री का आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने डॉ. सुशील सिन्हा को जीत की बधाई देते हुए कहा, ट्रस्ट की तरफ से स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर करें और खेल और खिलाड़ियों को भी बढ़ावा दें। अध्यक्ष ने आगामी पांच वर्ष के कार्यकाल में किए जाने वाले कार्यों के बारे में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

**ट्रस्ट की जमीन से कब्जा हटाने की मांग**

नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. सुशील सिन्हा ने मुख्यमंत्री को बताया कि शहर में केपी ट्रस्ट की कई जमीनों पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। उन्होंने कब्जा खाली कराने में सरकार की मदद मांगी। इस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा कि इसकी सूची बनाकर उपलब्ध कराएं, शासन प्रशासन की ओर से सहयोग किया जाएगा। डा. सिन्हा ने कहा कि ट्रस्ट की ओर से वह मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराएंगे इसकी आधारशिला आपके द्वारा ही किया जाना होगा, जिसके लिए मुख्यमंत्री की ओर से आश्वासन दिया गया।

# यूपी के पहले फ्लोटिंग रेस्टोरेंट को लेकर शहरियों में दिखा उत्साह, लोगों ने जमकर उठाया लुत्फ

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** यमुना नदी के किनारे बोट क्लब के पास तैयार प्रदेश के पहले रेस्टोरेंट को लेकर शहरियों में काफी उत्साह दिखा। शनिवार को रेस्टोरेंट आम लोगों के लिए खोला गया तो यहां पर लोगों की भीड़ लग गई। सीमित सीट होने के कारण निर्धारित संख्या में ही लोगों को प्रवेश दिया गया।रेस्टोरेंट पर आनंद लेने के लिए प्री बुकिंग की सुविधा भी दी जा रही है। 45 सीट वाले इस रेस्टोरेंट में रसगुल्ला, गुलाब जामुन, बेज बिरयानी, सैंडविच, मिस्सी रोटी, तवा रोटी के साथ चिल्ली पनीर, मंचूरियन, शीतल पेय, गाजर का हलवा, शाही टुकड़ा, मूंग दाल हलवा, वेज पकौड़ा, कटलेट, फ्रेंच फ्राई, चाय और काफी आदि व्यंजन भी लोगों को परोसे जा रहे हैं। रेस्टोरेंट का उद्घाटन दो दिन पहले दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखाकर किया था। पहले दिन निर्धारित सीट पर लोगों को प्रवेश दिया गया, जबकि करीब 500 लोग प्रवेश के लिए इंतजार में खड़े दिखे।

**जारी की गई व्यंजनों की रेट लिस्ट**

टोमैटो सूप - 120 रुपया, कोल्ड कॉफी विथ आईसक्रीम 200 रुपया, चाय और काफी 50 रुपया, पानी की बोतल- 50, सलाद - 125 रुपया, गाजर का हलवा 150 रुपया, रसगुल्ला- 130 रुपये में दिया जा रहा है।

# सीएमओ ने की फाइलेरिया उन्मूलन अभियान कार्यक्रम की बैठक

**जनपद के 13 विकास खण्डों मे आईडीए कार्यक्रम के लिए वृहद जागरुकता कार्यक्रम जरूरी**

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** शनिवार को जनपद प्रयागराज मे फाइलेरिया उनमुलन कार्यक्रम ( आईडीए- 2024 ) हेतु जनपद स्तरीय जिला समंवयक समिति (डीसीसी) की बैठक संगम सभागार मे आयोजित की गयी। जिला अधिकारी के निर्देश के क्रम मे कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशु पांडेय जी ने किया। कार्यक्रम मे डॉ परवेज अख्तर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी(नोडल अधिकारी वीडीबी), डॉ तरुण पाठक अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ,डॉ ऋतुराज सिंह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ रावेन्द्र सिंह उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अशफाक अहमद डीसीपीएम, राजीव कुमार सिंह उपायुक्त (स्वतः रोजगार), बृजेश कुमार अपर जिला पंचायत अधिकारी, विनोद कुमार सिंह डी पी एम,जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी,जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी,जिला पूर्ति अधिकारी ने मुख्य रूप से प्रतिभाग किया। नोडल अधिकारी ने सभी को प्रशिक्षण के दौरान सभी को माईक्रो प्लानिंग पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिए। कार्यक्रम मे जनपद के 13 आई डी ए विकास खण्डों से अधीक्षक सामुदायिक केंद्र,बीसीपीएम को जनपद को फाइलेरिया उन्मूलन हेतु आगामी माह मे विकास खण्ड एवम ग्राम पंचायत स्तरीय किये जाने वाले कार्यो की जानकारी दी एवं अंतर्विभागीय कार्य एवम दायित्वों का निर्धारण किया गया। बैठक में पार्थ संस्थान से मंडलीय समन्वयक डॉ शाश्वत त्रिपाठी से डॉ निशांत कुमार एवं पीसीआई इंडिया संस्था से जिला मोबिलाईजर समन्वयक दीपक तिवारी प्रतिभाग किया। जिला मलेरिया अधिकारी आनंद कुमार सिंह जी द्वारा समस्त विकास खण्ड मे संक्रमित लोगों को किट के वितरण लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देशित करते हुए बताया की जनपद के 13 विकास खण्ड-धनुपुर, हंडिया, कोटवा, कोराव, प्रतापपुर, रामनगर, सैदाबाद, बहरिया, होलागढ़, कौडिहार कौन्धियारा, मेजा, एवं सोराव सामुदायिक केंद्र को कार्यक्रम हेतु चिन्हित किया गया है। साथ ही कार्यक्रम मे सहभागिता हेतु धन्यवाद ज्ञापन के साथ समापन किया।





# राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण कलश यात्रा नैनी में निकल गया

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण कलश यात्रा राघवेंद्र नगर नई बाजार नैनी से निकाली गई नैनी के विभिन्न क्षेत्रों से घूमते हुए नई बाजार में समाप्त हुई। जिसमें सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई बाजार नैनी के प्रधानाचार्य राजेंद्र विश्वकर्मा प्रबंध निदेशक कीर्ति प्रकाश द्विवेदी, और शुभम विश्वकर्मा, कमल सिंह, अर्चना सिंह, एसपीओ टीम प्रभारी अभय राज सिंह, दिनेश कुमार केसरवानी, रामजी जायसवाल, रमेश चंद्र केसरवानी, सुजल केसरवानी, एवं राघवेन्द्र नगर के समस्त क्षेत्रवासी यात्रा में प्रमुख रूप से शामिल हुए।





# पेरेंट्स प्राईड दादा दादी, नाना नानी दिवस मनाया गया

**झूंसी।** पैरंट्स प्राईड विद्यालय के प्रांगण में शनिवार को दादा-दादी, नाना-नानी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महापौर गणेश केशरवानी ने किया। इस दौरान बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी। दादा दादी पर आधारित नाटक को लोगो ने खूब सराहा। स्कूल के अध्यक्ष डॉ. संगम मिश्रा, कथक केंद्र की निदेशक उर्मिला शर्मा, डॉ. शंकर देव त्रिपाठी ,पार्षद गुलफरोज खान ,सुमित निषाद, पार्षद शिवनारायण यादव, राम केसरवानी,दिलीप निषाद, विद्यालय के निदेशक डॉ. एसके तिवारी, प्राचार्य प्राचार्य आनंद पांडे, प्राचार्य ऋचा त्रिपाठी, चंडी दत्त तिवारी, विद्या शंकर उपाध्याय, डॉ. ओपी तिवारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या दीप्ति मिश्रा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आए हुए लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# माघ मेले में पलभर के लिए भी नहीं गुल होगी बिजली

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र में बिजली की निर्बाध आपूर्ति हो सके, इसके लिए विद्युत महकमे की मशक्कत जारी है। महाकुंभ-2025 को देखते हुए तमाम तरह के नए प्रयोग भी माघ मेला में किए जा रहे हैं। इसी क्रम में महकमे की ओर से माघ मेला में पहली बार रिंग मेन यूनिट (आरएमयू) का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे बिजली के किसी भी फाल्ट पर फौरन ही दूसरे ट्रांसमिशन से बिजली की सप्लाई शुरू की जा सकेगी।यह रिंग मेन यूनिट 11 केवीए की माघ मेला क्षेत्र में स्थापित की जाएगी। इस यूनिट को मिटों पार्क रोड, नैनी और हंडिया के 132 केवी ट्रांसमिशन से जोड़ा जाएगा। माघ मेला क्षेत्र में बनने वाले 21 सब-स्टेशन भी इससे जुड़े रहेंगे। मेला क्षेत्र में बिजली की निर्बाध आपूर्ति की तैयारी की गई है। मेला के दौरान ही रिंग मेन यूनिट का ट्रायल महकमे की ओर से किया जाएगा।ट्रायल के रूप में एक ट्रांसमिशन से बिजली आपूर्ति बंद कर दूसरी ट्रांसमिशन से रिंग मेन यूनिट के सहारे ही आपूर्ति दी जाएगी। इससे यह परखा जाएगा कि कहीं कोई गड़बड़ी तो नहीं आई। सफल होने पर महाकुंभ में कई और आरएमयू स्थापित किए जाएंगे।



**पहली बार तीन ट्रांसमिशन से होगी सप्लाई**

माघ मेला में अबतक बिजली की सप्लाई 132 केवी ट्रांसमिशन मिंटो रोड से होती थी। इस बार आरएमयू के सहारे नैनी और हंडिया के ट्रांसमिशन को भी माघ मेला से जोड़ दिया गया है। मिंटो रोड से बिजली की आपूर्ति प्रभावित होने पर नैनी और हंडिया ट्रांसमिशन से बिजली ली जा सकेगी। अधिकारियों का कहना है कि तीन ट्रांसमिशन से बिजली की सप्लाई मिलने पर मेला क्षेत्र में किसी भी समय बिजली का कोई संकट नहीं होगा।

**बड़ी संख्या में कर्मचारियों की होगी तैनाती**

मेला क्षेत्र में निर्बाध और सुरक्षित बिजली आपूर्ति देने की तमाम कोशिशें तो हो ही रही हैं। साथ ही कर्मचारियों की सूची भी तैयार की जा रही है। माघ मेला में इस बार बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। प्रत्येक सेक्टर में बिजली कर्मियों के मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक किए जाएंगे, ताकि कहीं भी किसी भी तंबु में कोई फाल्ट होगा तो कम समय में ही उसे ठीक करने का कार्य किया जाएगा।माघ मेला क्षेत्र में किसी भी पल अंधेरा नहीं होगा। पूरे मेले में सुरक्षित और निर्बाध बिजली की आपूर्ति होगी। मेला क्षेत्र में आरएमयू के स्थापित हो जाने से बिजली व्यवस्था और भी मजबूत हो गई है।

**- मनोज गुप्ता, अधिशासी अभियंता, मेला क्षेत्र**

# संकल्प विकसित भारत यात्रा विकास का आईना है : डॉ रीता जोशी



**करछना।** संकल्प यात्रा के दौरान शनिवार को विकासखंड करछना के ग्राम पंचायत गधियाव के पंचायत सचिवालय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रयागराज की सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने सरकार की योजनाओं को पटल पर लाने में भाजपा की नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा सभी लोगों के दिलों में जगह बनाने वाले पहले प्रधानमंत्री हैजो लोगों के दिलों में जगह बनाई दिल को छू लेने वाली बात जो नरेंद्र मोदी ने किया वह आज तक कोई प्रधानमंत्री ने नहीं किया उज्जवला योजना से लेकर आवास शौचालय हर घर जल तमाम ऐसी भारत सरकार की चलाई गई योजनाओं को भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों के जानकारी दी गई , भाजपा सरकार गरीबों के हित को देखते हुए तमाम ऐसी योजनाएं पटल पर लाई है जो आने वाले समय में भारत में देखने को हर गांव में मिलेगा कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे प्रधान पिंटू सिंह यादव ने संकल्प यात्रा कार्यक्रम में गांव के आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया इस मौके पर खंड विकास अधिकारी धीरेश गुप्ता सहायक विकास अधिकारी उदयभान सचिव कमल सिंह रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव सोनल शुक्ला एडीओ कोऑपरेटिव, रवि प्रधान वीरपुर उपस्थित रहे के अलावा गांव के गणमान्य लोगों स्वयं सहायता समूह की महिलाएं व नागरिक स्कूली बच्चे संकल्प यात्रा में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# परियावां माता मैया धाम से श्रीराम कलश यात्रा पहुंची कालाकांकर राजभवन

## पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह कलश को लेकर जाएगी अयोध्या

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** अयोध्या मे भव्य श्रीराम मंदिर के 22 जनवरी 24 को भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ सिंह द्वारा प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा।

विभिन्न जनपदो से श्रीराम मंदिर मे कलश स्थापित की जाएगी जिसके क्रम मे शनिवार को परियावां माता मैय्या धाम से भाजपा समर्थको ने सोम सोनी व आशीष जाय सवाल ने भाजपा नेता शीतला प्रसाद सोनकर व नगर पंचायत मानिकपुर चेयरमैन प्रतिनिधि डिंपू जायसवाल, मिश्रीलाल विश्वकर्मा, शौरभ शुक्ला, सुधीर शुक्ला, सुधीर, मनीष ओझा, डब्बू अग्रहरि, बबलू, सर्वेश, बच्चन तिवारी, अर्जुन गुप्ता, अमित अग्रहरी, गनेश अग्रहरी, शौरभ मौर्या,संजय अग्रहरी, अश्वनी कुमार मोद्नवाल के साथ डीजे बाजा के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई।इस दौरान परियावां मुस्लिम बस्ती से वापस नवाबगंज, जगरूपनगर, आलापुर होते हुए कालाकांकर राजभवन पहुंची जहां पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने कलश यात्रा मे शामिल लोगो का स्वागत एव आभार ब्यक्त किया कलश को लेकर राजकुमारी रत्ना सिंह 22 जनवरी 24 को भव्य श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा मे शामिल होगी। श्रीराम मंदिर के भव्य उद्घाटन को लेकर लोगो मे गजब का उत्साह दिखाई दे रहा है राजकुमारी रत्ना सिंह ने कलश यात्रा मे सभी आगंतुको को राजभवन के किनारे लगे खाने पीने के स्टाल मे नाश्ता पानी कराया और श्रीराम मंदिर से जुड़ी एक एक बुक लेट सभी को उपहार मे भेट किया और कहा कि 500 वर्षो का लम्बा इन्त्जा खत्म हुआ 22 जनवरी 24 को माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी व मुख्य मंत्री योगी जी भव्य श्रीराम मंदिर की वेदो मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन कर देश की जनता को दर्शन के लिए सौप देंगे इस दौरान राजभवन परिसर मे जय श्रीराम का जोर शोर से जयकारा लगता रहा समुचा क्षेत्र श्रीराम के जयकारों के साथ गुजता रहा।



कलश यात्रा में लोगों के बीच शामिल पूर्व सांसद रत्ना सिंह।

# स्कूल बस की टक्कर से वृद्ध की मौत, कोहराम

### पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शनिवार को एक स्कूली बस की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया।

लीलापुर थाना क्षेत्र के सिंधौर गांव निवासी तेज बहादुर सिंह (59) पुत्र स्व. शीतलाबक्श सिंह दूध बेंचने के लिए शनिवार को सुबह साइकिल से लीलापुर स्थित एक दूध डेयरी पर गया हुआ था। घर लौटते समय नेशनल हाइवे प्रतापगढ़-रायबरेली के साहबगंज मोड़ पर तीव्र गति से आ रही एक स्कूली बस ने बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में तेज बहादुर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर लीलापुर पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायल को इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने तेज बहादुर सिंह को मृत घोषित कर दिया। बुजुर्ग की मौत की सूचना जब घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी शीला का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। घटना को लेकर मृतक के छोटे भाई अवधेश सिंह ने सगरा सुंदरपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर की स्कूली बस चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने की तहरीर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने स्कूली बस को कब्जे में लेकर लीलापुर थाने ले आयी। मृतक की तीन बेटियां शादीशुदा हैं, जबकि छोटे बेटे राहुल का अगली छब्बीस फरवरी को विवाह तय है। दुर्घटना से घर में शादी की खुशियां का माहौल भी गमगीन हो उठा है।

# आधा दर्जन के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के विक्रमपटटी गांव निवासी राम आशीष के पुत्र जय प्रकाश यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह चैबीस दिसंबर को टैक्टर पर पुवाल लादकर घर जा रहा था। रास्ते में गांव के हरिनाथ यादव ने उसे रोक कर गालीगलौज करने लगे। पीड़ित ने मना किया तो हरिनाथ तथा कुलदीप, अवनीश, आकाश, शिवम, चंद्रकेश ने मिलकर उसे लाठी डण्डे से मारापीटा। पीडित बचाव के लिए घर की तरफ भागा तो आरोपितों ने घर पर भी पहुंचकर उसकी पत्नी व बेटी को भी मारपीट कर चुटहिल कर दिया। पीड़ित के शोर मचाने पर आरोपी गाली देते हुए जानलेवा धमकी देकर चले गये। तहरीर के आधार पर लीलापुर पुलिस ने हरिनाथ समेत आधा दर्जन के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी व बलवा का केस दर्ज किया है।

# घी, तेल मसाले से करें परहेज, सेहत रहेगी आल इज वेल: डा0 खत्री

## इसी नुस्खे पर ठंड में मरीजों की सेहत सुधारने में लगे मेडिकल कालेज के डाक्टर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** ठंड में अगर सेहत सही रखनी है तो जीभ पर संयम रखना होगा। अगर नहीं रख सकते तो अस्पताल और डाक्टर के चक्कर लगाने के लिए तैयार रहिए। तेल, घी और मसाले से करना होगा परहेज तभी सेहत रहेगी आल इज वेल...। मेडिकल कालेज के डाक्टर इस समय इसी नुस्खे को आजमा कर ओपीडी में मरीजों की सेहत सुधार रहे हैं। जिसका लाभ मरीजों को मिल रहा है।

पेट, सिर दर्द, गैस, अपच, खांसी जुकाम और बुखार से पीड़ित मरीजों से राजा प्रताप बहादुर अस्पताल की ओपीडी खचाखच है। हर तीसरा मरीज इन्ही मौसमी बीमारियों से ग्रसित है। ठंड में जरा सी लापरवाही सेहत पर भरी पड़ सकती है। डाक्टरों के अनुसार इस मौसम में तला भुना खासकर चाइनीज फूड पर लोगों का विशेष ध्यान रहता है। जीभ कंट्रोल में नहीं रहती है। लोग अनाप शनाप खाकर गैस, अपच उल्टी जैसी बीमारियों से पीड़ित हो जाते हैं। फिर अस्पताल और डाक्टर के चक्कर लगाने की नौबत आती है। डाक्टर ने बताया कि ठंड में हरी सब्जियों का सेवन अधिक करना चाहिए। पालक, मेथी, सरसों और बथुआ का साग का सेवन बेहतर सेहत का राज है। इसके अलावा ड्राई फ्रूट जैसे बादाम, अखरोट के सेवन से शरीर में गर्माहट बनी रहती है। ठंड में डेयरी फूड से परहेज करें। तली, भुनी और सोंधी चीजों से दूरी बनाए रखें। पेयपदार्थों से ही परहेज करें।



अस्पताल में मरीजों को देखते डाक्टर मनोज खत्री।

**क्या कहते हैं डाक्टर?**

फिजिशियन मेडिकल कॉलेज के डाक्टर मनोज खत्री ने बताया कि ठंड के मौसम में तेल, घी मसाला से परहेज करें। मरीजों को तो उबला भोजन करना चाहिए। हरी सब्जियों का सेवन बढ़ा देना चाहिए। बीमारी की चपेट में आने पर डाक्टर से संपर्क करना चाहिए।

### आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज रविवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे के तहत विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी मध्यान्ह सवा बारह बजे रानीगंज कैथौला बाजार में आयोजित एक समारोह में बतौर मुख्यअतिथि आयेंगे। वहीं वह दिन में एक बजे लालगंज स्थित परिवहन निगम डिपो में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। दिन में सवा दो बजे सांसद प्रमोद तिवारी लालगंज नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड में शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी के पिता स्व. सूर्य नारायण द्विवेदी की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इसके पूर्व वह नगर पंचायत के मनीपुर तथा पूरे बनवारी व शीतलमऊ में भी लोगों से मुलाकात करेंगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

# सड़क पर यातायात के नियमों का ईमानदारी से करें पालन: डीएम

## प्रभात एकेडमी में द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का हुआ समापन



सड़क सुरक्षा पखवाड़ा पर बोलते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का भव्य एवं रंगारंग समापन आशीष कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी एवं संजीव रंजन जिलाधिकारी ने प्रभात एकेडमी में मुख्य अतिथि के रुप में किया। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा जीवन अमूल्य है। हम सड़क पर जब चले तो यातायात के नियमों को ईमानदारी के साथ पालन करें।

उन्होंने कहा कि अनियंत्रित और तेज गति से वाहन चलाने पर दुर्घटनाएं होती है जिसमें बहुत सारे लोगों की मौत हो जाती है। बीके सिंह उप संभागीय अधिकारी प्रशासन एवं डॉक्टर दिलीप गुप्ता संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रतापगढ़ ने कार्यक्रम की शुरूआत में जिलाधिकारी का बुके देकर स्वागत किया और द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रबंधक प्रभात शर्मा ने किया। इस दौरान प्रभात एकेडमी कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर मोहम्मद अनीस ने किया। इस अवसर पर अमरनाथ गुप्ता सीओ सदर, डॉक्टर विंध्याचल सिंह, भूपेंद्र सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ डॉ मोहम्मद अनीस, सर्वेश कुमार, विजय सिंह, अरविंद श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए सभी को शपथ दिलाई।

# मिशन शक्ति की योजनाओं से लाभान्वित कराएगा बच्चा बैंक

## जिला प्रोबेशन अधिकारी से मिलकर निराश्रित बच्चों के बारे में अवगत कराया

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति अंतर्गत संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने में पात्रों की सहायता करने के लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने कदम बढ़ाया है। इस संबध में शुक्रवार को ग्रुप के लोग जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा से मिलकर मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, बाल सेवा योजना के बारे में जानकारी ली। ग्रुप ने इस योजना से लोगों को लाभ पहुंचाने की बात कही। डीपीओ को योजनाओ को लोगों तक पहुंचाने इसका प्रचार प्रसार करने के साथ साथ आवेदन कराने का आश्वासन ग्रुप की तरफ से दिया गया।

बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप जरूरतमंद छात्र छात्राओं की शिक्षा में मदद के लिए प्रयासरत रहता है। भंगवा में ऐसे ही बच्चों के लिए निःशुल्क स्टडी सेंटर की स्थापना की गई। ग्रुप के लोगों पर करीब पचास बच्चों की शिक्षा के साथ साथ खेल कूद व अन्य एक्टिविटी में उन्हें प्रोत्साहित करने की जिम्मेदारी है। ग्रुप के सहयोगी अश्विनी केसरवानी ने बताया कि ग्रुप से जुड़े कई ऐसे छात्र हैं। जिन्हे योजनाओं का लाभ दिलाना है। इसी के साथ और जो भी जरुरतमंद होंगे भी इसका लाभ मिल सके। इसी उद्देश्य से जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा से मुलाकात की गई। उन्हें ऐसे ही बच्चों के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने पूरी मदद का भरोसा दिया है। योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए जो भी आवेदन मिले हैं। उन्हें पात्र बच्चों से भरवाने का कार्य शीघ्र पूरा होगा।

# नगर पालिका बोर्ड की बैठक में कई विकास कार्यो पर लिये गये निर्णय

### नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने आय-व्यय का किया अनुमोदन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिषद बेला की बोर्ड बैठक शनिवार को नगर पालिकाध्यक्ष हरि प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि की गयी तथा पालिका के माह सितम्बर, अक्टूबर एवं नवम्बर 2023 के आय-व्यय का सदस्यों द्वारा सर्वसम्मत से अनुमोदन किया गया।

इसके उपरान्त न्यू०म्यु०कालोनी बाबागंज में स्थित पालिका के आवासीय भू-खण्डों के नामान्तरण एवं नवीनीकरण के सम्बन्ध विस्तृत चर्चा हुई तथा यह निर्णय लिया कि नामान्तरण/नवीनीकरण हेतु अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी को अधिकृत किया जाता है तथा अध्यक्ष द्वारा एक 5 सदस्यीय समिति का गठन किया जायेगा, जो नामान्तरण/नवीनीकरण से सम्बन्धित नियमावाली का प्रारूप तैयार कर अगली बैठक मे चर्चा हेतु प्रस्तुत करेगी। इस दौरान बोर्ड बैठक के समक्ष अन्य प्रमुख विषय के प्रस्ताव दिये गये जिसमें नगर पालिका सीमान्तर्गत स्थित कान्हा गौशाला में एक अतिरिक्त शेड तथा बाउण्ड्रीवाल व वैरिकेटिंग का कार्य राज्य वित्त आयोग मद अन्तर्गत कराये जाने पर विचार, नगर पलिका सीमान्तर्गत पालिका में पंजीकृत भवनों के जलकर गृहकर की धनराशि अनलाइन जमा कराने हेतु कोटक बैंक में एक खाता खोले जाने पर विचार, नगर पालिका सीमान्तर्गत पुरे केशवराय वार्ड में घाटा संख्या 201 क्षेत्रफल 0.1650 हेक्टेयर पर कल्याण मण्डप के निर्माण पर विचार, पालिका सीमान्तर्गत स्थित विभिन्न पार्कों में पूर्व में अधिष्ठापित झूला चरखी आदि के मरम्मत कराये जाने पर विचार, सदर बाजार वार्ड में नायब उल्ला के घर के पीछे से लेकर शान्ति चैबे के घर के पीछे होते हुए लगभग 200 मीटर पक्के नाले का निर्माण कराये जाने पर विचार, श्रीट्रॉन इण्डिया लिमिटेड द्वारा डोर टू डोर भवन सर्वेक्षण, मानचित्रीकरण एवं सॉफ्टवेय विस्तार सम्बन्धी कार्य के सापेक्ष भुगतान किये जाने पर विचार किया गया। बैठक का संचालन अधिशाषी अधिकारी राग अचल कुरील ने किया।

बैठक में रीना सरोज, विनोद कुमार, राकेश पटेल, हेमलता सिंह, योगेश सिंह, उर्मिला सिंह. बसतलाल, कुसुम सिंह, मुफीज अहमद, दीपक कुमार, धीरज सिंह, सुनील दूबे, श्रीमती निभा मौर्या, कमला देवी, आशीष जायसवाल, विजय बहादुर, अमृत लाल, उदय शंकर धर्मशील शुक्ल तुषार दत्त, छाया श्रीवास्तव, शिव शंकर मिश्र, श्रीमती कुमकुम व शहनाज बानो उपस्थित रहे।



नगर पालिका बोर्ड की बैठक में बोलते नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

### डीएम ने ईवीएम व वीवीपैट स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी संजीव रंजन ने अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) के त्रिभुवन विश्वकर्मा के साथ गायघाट स्थित ईवीएम गोदाम/वेयर हाउस का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम कक्ष, वीवीपैट कक्ष आदि देखा तथा सीसीटीवी कैमरा आदि का अवलोकन किया जो क्रियाशील पाये गये एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान बताया गया कि जो ईवीएम एवं वीवीपैट स्ट्रांग रूम में रखे गये है वह सभी ठीक है। डीएम ने अपने सामने ही स्ट्रांग रूम के शटर को बंद करवाते हुये सील भी कराया। इस दौरान उपजिलाधिकारी रानीगंज, मण्डी सचिव व अन्य अधिकारी तथा समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# डॉल्फिन पब्लिक स्कूल में लीप उत्सव का हुआ रंगारंग समापन

### सियाराम उमरवैश्य को किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** डॉल्फिन पब्लिक स्कूल छींटपुर, दिलीपपुर वार्षिक सप्ताह लीप उत्सव का रंगारंग समापन हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ समारोह के मुख्य अतिथि प्रतापगढ़ के गौरव संत शिरोमणि सियाराम उमरवैश्य जी एवं विशिष्ट अतिथि प्रतापगढ़ स्वर साम्राज्ञी शिवानी मातनहेलिया द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस समारोह में त्याग की प्रतिमूर्ति श्री सियाराम उमरवैश्य जी का विद्यालय परिवार द्वारा अंगवस्त्र भेंट करके स्वागत किया गया। इस दौरान अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि ने विद्यालय के छात्रों में अनुशासन एवं राष्ट्रीयता की भावना के विकास पर बल दिया और जीवन में सदैव निडर बने रहने की सीख दी। समारोह की विशिष्ट अतिथि शिवानी मातनहेलिया जी ने देशभक्ति के गीत गाकर पूरे माहौल को राष्ट्रमय बना दिया। और सभी छात्रों में उत्साह भर दिया। विद्यालय के प्रबन्धक अनिल त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके अतिथियों का स्वागत किया गया। खेल प्रतियोगिता के अन्तिम दिन 400 मीटर रिले रेस में रमन हाउस ने अपना दबदबा कायम किया। रस्साकसी में सुभाष हाउस ने अपना दबदबा कायम किया। लीप उत्सव (2023-24) की विजेता टीम सुभाष हाउस एवं उप-विजेता टीम अशोका हाउस रही। विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महावीर प्रसाद तिवारी, कृष्ण कुमार सिंह पूर्व प्रधान, उपप्राचार्य आशीष गुप्ता, राजेश पाण्डेय, राजेन्द्र दुबे, ज्ञानेन्द्र शुक्ल, योगेन्द्र श्रीवास्तव) पीयूष शुक्ला, चन्दन शुक्ला, प्रखर शुक्ला, मो0 नौशाद, कौशल शुक्ला, योगेन्द्र सिंह, शिवशंकर निगम, संजय पाण्डेय, गायत्री त्रिपाठी, नीलम आर्या, शिवानी सिंह, किरन सिंह, नीलम गुप्ता, ज्योति श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



सियाराम उमरवैश्य को सम्मानित करते आयोजकगण।

# राजकीय इंटर कालेज में शुरू हुई वालीवाल प्रतियोगिता

**प्रतापगढ़।** आज राजकीय इंटर कालेज में द्वितीय इंजीनियर राम अचल मौर्य (आर्किटेक्ट) वालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ फीता काटकर एवं पहली गेंद सर्विस करके किया। इस मौके पर राजकीय इंटरमीडिएट कालेज प्रतापगढ़ के प्रधानाचार्य कुलश्रेष्ठ तिवारी, प्रवक्ता अशोक कुमार मौर्य रहे। इस आयोजन के मुख्य कार्यकर्ता मंसूर भाई, दानिश भाई, गुल हसन एडवोकेट, कमेंटेटर अमित बिक्की, रेफरी शमशेर गुरू जी, नादिर भाई एवं बहुत सारे समर्थक खिलाड़ी अन्य जनपदों की कुल 17 टीम प्रतिभागी हो रही है। पहला मैच टीम भावापुर और पी एन क्लब प्रयाग राज के बीच खेला गया।

### अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** धोखाधड़ी के जरिए नौकरी के नाम पर अज्ञात आरोपी द्वारा पीडित के खाते से दस लाख रुपए हड़प लिए जाने को लेकर लीलापुर पुलिस ने केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना के हण्डौर निवासी मनोज शुक्ल के पुत्र ज्योर्तिमय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह निजी क्षेत्र में नौकरी किया करता है। चैबीस दिसंबर को अज्ञात आरोपी द्वारा उसे एक लिंक भेजकर बैंक व शैक्षिक योग्यता सम्बन्धित जानकारियां हासिल कर ली गयी। पीड़ित को बेहतर जॉब दिलाने के नाम पर अज्ञात ने उसे पांच हजार रुपए भेजने को कहा। इसी बीच पीड़ित की जानकारी हासिल करने वाले अज्ञात आरोपी ने उसे फिर एक लिंक भेजी। पीड़ित ने जब लिंक को देखा तो उसके खाते से दस लाख रुपए निकल गये। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधडी का केस दर्ज किया है।

# बच्चों के निःशुल्क प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन एवं लॉटरी प्रक्रिया की समय सारिणी जारी

## बच्चों का लॉटरी के माध्यम से विद्यालयों का होगा आवंटन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार के तहत गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा-1/पूर्व प्राथमिक कक्षा में शैक्षिक सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन एवं लॉटरी की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के लिये 04 चरणों में समय सारिणी जारी कर दी गयी है।

उन्होने बताया है कि प्रथम चरण में 20 जनवरी से 18 फरवरी तक आवेदन किया जायेगा, दिनांक 19 फरवरी से 25 फरवरी तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आवेदन पत्र का सत्यापन किया जायेगा, दिनांक 26 फरवरी को लॉटरी निकाली जायेगी तथा दिनांक 06 मार्च को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों का गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में प्रवेश कराने की तिथि निर्धारित है। द्वितीय चरण में 01 मार्च से 30 मार्च तक आवेदन किया जायेगा, 01 अप्रैल से 07 अप्रैल तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन किया जायेगा, 08 अप्रैल को लॉटरी निकाली जायेगी तथा 17 अप्रैल को बीएसए द्वारा बच्चों का विद्यालय में प्रवेश कराया जायेगा। इसी प्रकार तृतीय चरण में 15 अप्रैल से 08 मई तक आवेदन किया जायेगा, 09 मई से 15 मई तक बीएसए द्वारा आवेदन पत्र की जांच की जायेगी, 16 मई को लॉटरी निकाली जायेगी तथा 23 मई को मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में प्रवेश कराया जायेगा। चतुर्थ चरण में 01 जून से 20 जून तक आवेदन किया जायेगा, 21 जून से 27 जून तक आवेदन पत्रों का सत्यापन, 28 जून को लॉटरी निकाली जायेगी तथा दिनांक 07 जुलाई को बच्चों का निजी विद्यालयों में प्रवेश कराया जायेगा।

# किशोरी के अपहरण का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण तथा धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे हरिकिशुन वार्ड निवासी शिवशंकर की पत्नी गीता यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो दिसंबर को एक अज्ञात आरोपी ने उसकी पुत्री लक्ष्मी यादव का अपहरण कर लिया। पीड़िता को अज्ञात आरोपी ने फोन पर कार्रवाई करने पर जान से मार डालने की धमकी भी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार की देर रात अज्ञात के खिलाफ अपहरण व धमकी का केस दर्ज किया है।

# ग्राम चौपाल के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी ने ग्राम विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति की दी जानकारी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने डायट मैदान में ह्लग्राम चौपालह्व (गांव की समस्या गांव में समाधान) एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम तथा मिलेट रेसीपी प्रतियोगिता व उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने डायट मैदान में ह्लग्राम चौपालह्व (गांव की समस्या गांव में समाधान) एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राम विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्रेस प्रतिनिधियों को देते हुए कहा कि विगत एक वर्ष में 736 ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया तथा ग्राम चौपाल में 3742 शिकायतें/कमियॉ प्राप्त हुई, जिसमें 3628 शिकायतों/कमियों का निस्तारण किया जा चुका हैं, शेष शिकायतों/कमियों का निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि

## विगत एक वर्ष में 736 ग्राम चौपालों का हुआ आयोजन, ग्राम चौपाल में प्राप्त 3628 शिकायतों/ कमियों का किया गया निस्तारण



दीनदयाल अन्त्योदय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के 6880 के लक्ष्य के सापेक्ष 3550 स्वयं सहायता समूहों का गठन 20 दिसम्बर 2023 तक कर लिया गया है। समूह गठन की क्रमिक प्रगति 7694 है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत प्रति समूह 15000 की रिवाल्विंग फण्ड की धनराशि प्रदान की जाती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसम्बर 2023 तक 650 स्वयं सहायता समूह को रिवाल्विंग फण्ड की धनराशि निर्गत की जा चुकी है। रिवाल्विंग फण्ड की क्रमिक प्रगति 4394 है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 20 दिसम्बर 2023 तक 913 स्वयं सहायता समूह को सामुदायिक निवेश निधि की धनराशि निर्गत की जा चुकी है, सी0आई0एफ0 की क्रमिक प्रगति 2822 है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 20 दिसम्बर 2023 तक 2023 तक 1357 स्वयं सहायता समूह का सी0सी0एल0 स्वीकृत करवाया जा चुका है, सी0सी0एल0 की क्रमिक प्रगति 4724 है। वर्तमान में जनपद में 462 समूह सखियां एवं 92 बैंक सखियां कार्यरत हैं। वर्तमान में जनपद में 394 बी0सी0 सखी प्रशिक्षित है, जिसमें से 250 बी0सी0 सखियों द्वारा सफलतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में 94 विद्युत सखियों द्वारा बिल कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है। अब प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक विद्युत सखी को चयनित करने का निर्णय शासन स्तर से लिया गया है। वर्तमान में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत कुल 11922 महिला सदस्य लखपति की श्रेणी में हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक कुल 46686 परिवारों के 55751 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया, जिसमें 19885 अनु0जाति0 एवं 26910 महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया। मनरेगा योजनान्तर्गत स्थायी परिसम्पत्तियों के सृजन के लिए अन्नपूर्णा मॉडल शॉप के निर्माण के लिए कुल 75 मॉडल शॉप का चयन किया गया, जिसमें 11 मॉडल शॉप का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ ही मनरेगा के तहत कुल 21 ऑगनबाड़ी केन्द्र का चयन किया गया था, जिसमें 19 ऑगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत योजना प्रारम्भ से अब तक 46697 चयनित परिवारों के सापेक्ष 44518 आवास पूर्ण कर लिये गये हैं एवं 2179 आवास निमार्णाधीन हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत योजना प्रारम्भ से अब तक 4267 चयनित परिवारों के सापेक्ष 3147 आवास पूर्ण कर लिये गये हैं एवं 1120 आवास निमार्णाधीन हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में शासन द्वारा कुल 450 ग्राम पंचायतों की सोशल ऑडिट का कैलेण्डर जारी किया गया था, जिसके सापेक्ष 450 ग्राम पंचायतों की सोशल ऑडिट सम्पन्न करायी जा चुकी हैं। जिलाधिकारी सुजीत कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने ग्राम चौपालों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले खण्ड विकास अधिकारी कौशाम्बी श्री प्रवीण कुमार एवं खण्ड विकास अधिकारी कड़ा श्री विजय शंकर त्रिपाठी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार ग्राम प्रधान थुलगुला शान्ती देवी, ग्राम प्रधान गनपा शिवाकान्त, ग्राम प्रधान घांसिया श्री कमलेश कुमार कुशवाहा, ग्राम प्रधान रसूलपुर बदले श्री राम लोटन, ग्राम प्रधान टेंवा विट्टन सिंह व ग्राम प्रधान-श्री अभिमन्यू विश्वकर्मा, राममिलन, श्यामकली व मो0 आकीब तथा ग्राम विकास अधिकारी-श्री राम गोविन्द, श्री विनय सिंह, अरविन्द सिंह, राहुल सिंह, श्रवण कुमार मिश्रा, संदीप कुमार सिंह व राजीव कुमार पाल एवं ग्राम पंचायत अधिकारी-प्रदीप कुमार सरोज व आशीष केसरवानी तथा सहायक विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार, मो0 नसर, शिवकुमार श्रीवास्तव, अनूप कुमार व गजराज सिंह एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी श्री अशोक कुमार व राहुल मिश्रा तथा कम्प्यूटर आपरेटर सुरेन्द्र कुमार व तकनीकी सहायक सुमित कुमार को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रशंसनीय कार्य करने वाली बैंक सखी-स्वाती, मंजू, सुलोचना देवी, पुष्पा देवी, ऊषा देवी एवं समूह सखी-आशा देवी, प्रियंका देवी, संगीता देवी, कविता देवी, पूजा प्रजापति व ममता यादव तथा ग्राम संगठन अध्यक्ष-विमला देवी व निधि त्रिपाठी को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## लोधउर गांव में आयोजित किया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम



**नेवादा कौशाम्बी।** सरकार द्वारा चलाया जा रहा है विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम शनिवार को नेवादा ब्लाक के ग्राम सभा लोधउर में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि जयसिंह पटेल गुरु जी, एवं शक्ति संयोजक केन्द्र नारायण दास द्ववेदी, के अध्यक्षता मे आयोजित किया गया अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया स्वास्थ्य सम्बन्धित, बेसिक शिक्षा,आगनवाड़ी,पीएम किसान सम्मान,पूर्ति विभाग, श्रम विभाग उज्वला विभाग, व अन्य भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और उनके लाभों के संबंध में बताया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम रही है। इस सरकार में हर धर्म और समुदाय के पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिन पात्र लोगों को अभी तक सरकार के माध्यम से चलाई जा रही किसी योजना का लाभ नही मिला हो तो वह अपना आवेदन दें जिससे आगे की प्रक्रिया हो सके। इसके साथ ही कार्यक्रम मे मौजूद ग्राम प्रधान पति राज सिंह, ग्राम विकास सचिव सुरेश चौधरी,उज्वला विभाग शिव मोहन सिंह,मंडल उपाध्यक्ष त्रिशूल नाथ द्विवेदी, मंडल महामंत्री शक्ति भूषण सिंह,राजेश सिंह खन्ड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार उमराव,कृषि विभाग रोहित वर्मा,अभिमन्यू सिंह, प्रथमिक विद्यायल प्रधानाचार्य कन्हैया लाल सिंह, आंगनवाड़ी रन्नू सिंह,बिजुल देवी,आशा बहू सुदामा,मीना,व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे अतिथियों ने जाकर वहां उपस्थित सभी लोगों को योजनाओं की जानकारी से अवगत कराते हुए समस्याओं को सुना।

## दबंग प्रधान ने युवक को दी तालिबानी सजा

### बंजर जमीन में पेड़ लगाना युवक को पड़ा मंहगा

**कौशांबी** जमीन को लेकर जनपद में आए दिन विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है ऐसा कोई भी दिन नही बचा जब जमीन को लेकर लोगों का सिर न फूटे। हद तो तब हो गई जब प्रधान ही अपनी कुदृष्टि जमीन पर गड़ाने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला जनपद के सैनी थाना अंतर्गत बंजर जमीन में युवक को पेड़ लगाना महंगा पड़ गया। जब युवक खाली पड़ी बंजर जमीन में पौधारोपण किया तो प्रधान अपने साथियों के साथ टूट पड़ा। युवक का हाथ पैर बांध कर जमकर पिटाई कर दी। मामले में युवक ने सैनी थाने में लिखित तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि उसके ग्राम प्रधान ने उसे बंधक बनाकर जमकर मार पीट की है। मालूम हो सैनी थाना अंतर्गत डोरमा ग्राम सभा की बंजर जमीन पर प्रधान अपनी निगाह गड़ाए बैठे थे लेकिन उसी जमीन पर डोरमा निवासी सूरज पुत्र स्व0 रामनिवास ने खाली पड़ी बंजर जमीन पर पौधारोपण कर दिया। युवक ने बताया यह बात प्रधान को अखर गई फिर क्या था जब युवक शाम को दुकान समान लेने गया तभी पहले से घात लगाए सुनसान जगह पर प्रधान अपने करिंदो के साथ शाम को युवक पर हमला बोल दिया। युवक का हाथ पैर बांध कर तालिबानी सजा देते हुए जमकर मारा-पीटा। युवक किसी तरह छूटकर लिखित शिकायत थाने में की है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस अग्रिम कारवाई में जुट गई है।

## मिलेट रेसीपी प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को मोमेण्टों एवं प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित

**कौशाम्बी।** अध्यक्षा, जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर, जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने मिलेट रेसीपी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिला स्वयं सहायता समूह की प्रतिनिधियों को मोमेण्टों एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित तथा स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार की गई उत्पादों की लगायी गई स्टॉलों का अवलोकन किया। रेसीपी प्रतियोगिता में कृषि विज्ञान केन्द्र के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह रक्सौली द्वारा बनायी गई बाजरे का कटलेट को प्रथम स्थान, कृषि विज्ञान केन्द्र के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह रतगहां द्वारा बनायी गई बाजरा की पकौड़ी को द्वितीय स्थान एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा बनायी गई बाजरे का इडली को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक लाल बहादुर, प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख सिराथू लवकुश मौर्य, मुख्य विकास



अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार, उप निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी, उपायुक्त मनरेगा मनोज वर्मा, उपायुक्त एनआरएलएम सुखराज बन्धु, जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम, कृषि वैज्ञानिक डॉ0 मनोज कुमार सिंह, डॉ0 अजय एवं डॉ0 मीनाक्षी आदि उपस्थित रहीं बतादें, कि कृषि विभाग द्वारा श्रीअन्न (मोटे अनाज) को बढ़ावा देने के लिए रेसीपी प्रतियोगिता एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मोटे अनाज को भोजन में शामिल करना चाहिए। मोटे अनाज-मक्का, रागी, ज्वार बाजरा, कोदां, सावां आदि में पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होते हैं। मोटे अनाज को पैदा करने के लिए कम मेहनत एवं पानी की जरूरत होती है, इसमें कैल्सियम की मात्रा अन्य अनाजों की अपेक्षा ज्यादा होती है। रागी में लौह तत्व भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है, रागी के आटे से रोटी, चिल्ला व इडली बना सकतें है, रागी की खीर भी बनती है, जिसका सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।

## न्यूज झरोखा

### एएसपी ने पुलिस कार्यालय की सभी शाखाओं का किया औचक निरीक्षण



**कौशाम्बी** जिले के एएसपी अशोक कुमार वर्मा ने पुलिस कार्यालय के समस्त शाखाओं का औचक निरीक्षण किया,एएसपी ने संबंधित को महत्वपूर्ण कागजातो के रख रखाव एवम साफ सफाई के निर्देश दिए। एएसपी ने प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, आईजीआरएस शाखा, मॉनिटरिंग शाखा सहित समस्त शाखाओं का निरीक्षण किया गया एवं दस्तावेजों के रख रखाव सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए,साथ ही उन्होंने साफ सफाई बनाए रखने हेतु सभी कर्मचारियों को हिदायत भी दी। इसी प्रकार पुलिस लाइन कौशाम्बी में घरइया लाइन का भी निरीक्षण किया एवं साफ सफाई हेतु दिशा निर्देश दिए।

### आत्महत्या के लिए उकसाने वाले युवक को गिरफ्तार कर, पुलिस ने भेजा जेल



**अझुवा कौशांबी।** वांछित अभियुक्त को चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय को सुपुर्द किया है।घटनाक्रम के मुताबिक 27 दिसंबर को लोंहदा ग्राम सभा में एक किशोरी ने प्रेमी द्वारा शादी से मुकर जाने पर जहर खाकर आत्महत्या कर लिया था ।परिजनों की तहरीर पर सैनी कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश में जुटी थी ।आज 30 दिसंबर को मुखबिर की सूचना पर आरोपी सुरेंद्र 18 वर्ष पुत्र जगत पाल को लोंहदा मोड़ राष्ट्रीय राजमार्ग से चौकी इंचार्ज पथरावा ने हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय को सुपुर्द किया है

### सरसंवा में मुख्य सेविका की विदाई में छलके आंसू



कौशाम्बी जिले की बाल विकास परियोजना सरसंवा में बीते एक साल से तैनात रहीं मुख्य सेविका पुष्पा देवी के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को विदाई समारोह आयोजित किया गयो इस अवसर पर महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के संरक्षक अमित कुमार सिंह और जिला अध्यक्ष माया सिंह के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने फूल मालाओं से लादकर और अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित करते हुए विदाई दिया इस दौरान कार्यकत्रियां और सहायिकाओं की आखों में आंसू छलक उठे। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की बाल विकास परियोजना मंझनपुर में बीते सत्रह साल से तैनात रहीं मुख्य सेविका पुष्पा देवी को बीते एक साल से सरसंवा परियोजना का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया थो उस समय सभी विभागीय कार्यों में परियोजना की हालत जिले में सबसे निचली पायदान पर थौलेकिन मुख्य सेविका ने कड़ी मेहनत करके दूसरे नम्बर पर पहुँचा दिया और अपने मृदुभाषी और सरल स्वभाव से थोड़े समय में ही सभी कार्यकत्रियों का दिल जीत लिया। बताते चलें कि मंझनपुर परियोजना में इनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों के लिये डीएम और सीडिओ ने बीते सालों में चार बार प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है मुख्य सेविका पुष्पा देवी का सरकारी सेवा मे कार्यकाल पूरा होने पर सरसंवा परियोजना कार्यालय में आयोजित विदाई कार्यक्रम में भावुक हुई कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के आंखों से आंसू छलक उठे

### कोहरे के चलते ईंट लदी ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ी



**कौशाम्बी** जिले में कोहरे का कहर जारी है,कोहरे के चलते एक ईंट लदी हुई ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई,गनीमत रही कि ट्रक पलटी नही अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के बिसारा टावर के पास की देर रात की है जहा एक ट्रक कौशाम्बी के ईंट भट्ठे से लोड्कर चित्रकूट की तरफ जा रही थी तभी अचानक कोहरे के चलते अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर पर चढ़ गई,गनीमत रही की बिजली के खंभे से टकराकर ट्रक नही पलटी अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

## चलौली पहुंची मोदी की गारंटी गाड़ी विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन



**महगांव कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत चलौली विकास खण्ड चायल में शनिवार को ग्राम चौपाल और विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में अलग अलग विभागों के स्टॉल के माध्यम से ग्रामीणों को पेंशन योजनाओं में, राशन कार्ड, पीएम किसान पेंशन स्वास्थ सम्बन्धित अन्य समस्याओं का निस्तारण किया। किसानों को रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल भी लगायें गयें। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत विभिन्न योजनाओ के लाभार्थियों ने योजना के लाभ से जीवन में आये परिवर्तन एवं उन्नति का अनुभव सभी से साझा किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री का रिकार्ड किया गया संदेश भी सुना कार्यक्रम के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपस्थित ग्रामीणों को दी गई है इस कार्यक्रम के दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी, कृषि विभाग के आधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के आधिकारी सहित खण्ड विकास अधिकारी दिनेश चन्द्र मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर सुभम सोनकर, मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य योगेश साहू ,भय्यन पासी, मंडल अध्यक्ष गुलाब सिंह पटेल, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह पटेल,जमुना प्रसाद, पुर्व मंडल अध्यक्ष तिलक सिंह ग्राम प्रधान मिठाई लाल , ग्राम प्रधान अकीब, ग्राम प्रधान जगत बहादुर, ग्राम प्रधान राकेश कुमार, प्रवीण सिंह पटेल, ग्राम प्रधान कुबेर केसवानी कृषि विभाग नवीन शर्मा स्वास्थ्य विभाग डॉ अमित सिंह, पशु पालन एवम पशु चिकित्सा विभाग डॉ अरुण कुमार मिश्रा चलौली ग्राम पंचायत के ग्राम व चायल ब्लॉक से प्रधान संघ के अध्यक्ष मैदान सिंह पटेल के नेतृत में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया मुख्य अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत करते हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम शुरू किया गया और भरी संख्या में ग्रामीण इस कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी अपनी समस्याओं को अधिकारियो व कर्मचारियों को नोट करवाया।

## 31 दिसम्बर को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-नगियामई व चन्दूपुर अमरायन में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा जगन्नाथपुर एवं शाहपुर पेरवा में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 31 दिसम्बर 2023 को ह्लविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। ह्लविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी ह्लमेरी कहानी मेरी जुबानीह्वके तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-ह्लधरती कहे पुकारह्व एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

## दबंग साधू ने कुटी के महंत का जीना किया मुहाल महंत को हत्या का सता रहा है डर !

**कौशाम्बी।** साधू के भेष में आम जन मानस को गुमराह किया जा रहा है लोग साधू का भेष बनाकर साधारण एवं नेक संतो महंतों को कलंकित करने पर तुले है भेष बनाकर गोरख धंधो मे लिप्त रहते हैं( जानकारी के मुताबिक चरवा थाना के बरियावां चौकी अन्तर्गत ग्राम सभा बरियांवा के मजरा फत्ते का पुरवा गांव के पास राम जानकी कुटी मे कई वर्षों से अशफीर्लाल पटेल महंत रहते हैं कुछ वर्ष पहले कहीं से भटकते भटकते अईमापुर पतेरिया निवासी बच्चीलाल पहुंच गया और महंत से मिन्नतें करने पर कुटी मे रहने लगा लेकिन धीरे धीरे एक एक कर बच्ची लाल ने अपने ही जान पहचान व बिरादर के दबंग गिठूरा निवासी शिवचन्द और एक अज्ञात लोगों को कुटी मे बुला लिया सब लोग साधू के भेष मे रहने लगे लेकिन इन तीनो की मंशा साफ नही थी जो कि साधू के भेष मे शिवचन्द नाम का व्यक्ति रहते रहते पावरोटी बेंचने का ढोंग रचकर पावरोटी के आड़ मे गांजा भी बेंचना शुरू कर दिया और फराड शिवचन्द गांव के कुछ दबंगों को भी एकत्रित करने लगा और गांजा खुद पीने व पिलाने लगा और जब वहां रहते महंत अशफीर्लाल को पूजा पाठ मे अड़चन महसूस होने लगी तो उन्होने इसका विरोध किया तो साधू के भेष मे रहते तीनो ब्यक्ति ने एक होकर महंत को आये दिन गाली गलौज व मारना पीटना शुरू कर दिया कुछ ग्रामीणों ने देखा तो मामला शनिवार को बरियांवा चौकी पहुंचा मौके पर चौकी इंचार्ज व ग्राम पधान ने पहुंच कर समझाने का प्रयास किया तो तीनो साधू मिलकर महंत को जान से मारने की धमकी देने लगे अगर समय रहते चौकी पुलिस ने कोई ठोंस कदम नही उठाया तो इस महंत की हत्या की जा सकती है।

## मासूम बच्ची के साथ किशोर ने किया दुराचार

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली अंतर्गत एक गांव के पास एक मासूम बच्ची के साथ किशोर ने दरिंदगी की सारी हदें पार कर दी यह सूचना जैसे ही सिराथू चौकी इंचार्ज चंदन सिंह को प्राप्त हुई उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंचकर मामले पर गंभीरता दिखाते हुए आरोपी युवक के को गिरफ्तार कर लिया सैनी थाना अंतर्गत सिराथू चौकी इंचार्ज चंदन सिंह अपने हमराही कांस्टेबल विजय कांस्टेबल आशीष कांस्टेबल प्रवीण ,हेड कांस्टेबल जितेंद्र वह अन्य सिपाहियों द्वारा दौड़कर किशोर को पकड़ लिया वहीं मासूम को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मौत का कुआं बनी कनैली सड़क, मरम्मत के लिए अधिकारी नहीं हैं तैयार

**कौशांबी।** जिले के बारां ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले कनैली चौराहे से भखन्दा घाट तक की रोड बहुत ही ज्यादा जर्जर है बालू खनन के वाहनों के निकलने के कारण इस रोड की स्थिति ज्यादा खराब है एनएसयूआई कौशांबी छात्र इकाई कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमित द्विवेदी आजाद ने कहा कि इस मामले को कई बार सरकार और कौशांबी जिला प्रशासन के कानों तक पहुंचाया गया लेकिन अभी तक उसमें कोई सुनवाई नहीं हुई इस रोड के अंतर्गत लगभग 35 से 40 गांव आते हैं और उनकी आबादी लगभग 3 हजार से 4 हजार के बीच की है जिला अध्यक्ष अमित द्विवेदी आजाद ने कहा कि जनता के आवा गमन में काफी दिक्कतें हो रही हैं वहां की आम जनता बहुत ही ज्यादा परेशान है जिस प्रकार इस सरकार ने वादा किया था और

### जल्द सड़क नहीं बनी तो एनएसयूआई छात्र इकाई कांग्रेस आंदोलन को होगी विवश



कौशांबी जिले के निवासी और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने यह कहा था की उत्तर प्रदेश गड्ढा मुक्त बनाएंगे यहां गड्ढे तो नहीं भरे गए लेकिन रोड़ों की स्थिति कौशांबी में बहुत ज्यादा खराब है इस सरकार और सत्ता से यह कहना है कि जल्द से जल्द इस रोड़ में काम शुरू करा दे अन्यथा एनएसयूआई कौशांबी छात्र इकाई कांग्रेस एक बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

संपादकीय

## हिंदी भाषा का मूल स्वरूप बदलता हिंग्लिश का हस्तक्षेप

हिंदी व्याकरण के दृष्टिकोण से एक समृद्ध भाषा है और इसका इतिहास भी बहुत अवार्चीन है प्रसिद्ध साहित्यकार कमलापति त्रिपाठी ने कहा है कि हिंदी भारतीय संस्कृति की आत्मा है भारत क्षेत्रफल तथा जनसंख्या की दृष्टि से एक वृहद तथा विशाल देश है यहां अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग भाषाएं तथा बोलियां बोली जाती है किंतु संपूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने वाली हिंदी भाषा ही है इसमें कोई संदेह नहीं कि इतिहास में विभिन्न काल खंडों विदेशी आक्रमणकारियों के भारत देश में आ जाने से तथा भारत में ही बस जाने से हिंदी भाषा को समृद्ध तथा विकासवान होने का अवसर मिलो विदेशी भाषा के कई शब्द हिंदी में ऐसे घुल मिल गए हैं जैसे वह मूलतः हिंदी के शब्द हों , किंतु अंग्रेजों के आने से अंग्रेजी भाषा ने ना केवल अंग्रेजी को भारत में संपूर्ण रुप स्थापित तथा प्रचलित करने भरसक प्रयास किया, बल्कि हिंदी के मूल स्वरूप को छिन्न-भिन्न करने हिंदी के कलेवर को नष्ट करने का प्रयास कियो ब्रितानी हुकूमत ने अपने कार्यकाल में अंग्रेजी के वर्चस्व को बढ़ावा देकर धीरे धीरे भारतीय जनमानस के दिलों दिमाग पर यह धारणा स्थापित कर दी कि अंग्रेजी के ज्ञान के बिना तथा इंग्लिश भाषा को आत्मसात किए बिना उनके जीवन में विकास नहीं आ सकतो तथा वह वैश्विक स्तर पर निम्नतर होकर सफलता की बुलंदियों को नहीं छू सकते इस प्रकार भारत की मूल संस्कृतिक भाषा हिंदी को अपने वर्चस्व के लिए संघर्षरत रहना पड़ रहा है अंग्रेजी हुकूमत की गुलामी के चलते भारत वासियों ने हिंदी के मूल स्वरूप को बचा तो लिया पर इसमें अंग्रेजी भाषा के अनावश्यक हस्तक्षेप को रोक पाने में सफल नहीं हो पाए जिसके कारण हिंदी को इंग्लिश भाषा की तुलना में निम्नस्तर माना जाने लगो मूलत हिंदी भाषा के शब्दों के साथ अंग्रेजी के शब्दों का लगातार इस्तेमाल करना ही हिंगलिश का इस्तेमाल करना माना जाता है उदाहरण के लिए हिंगलिश इस तरह की बोली हो सकती है आपका प्रोफेशन क्या है, आप किस ऑफिस में वर्क करते हैं, इस तरह के वाक्यों का प्रयोग आम हिंदुस्तानी बेधड़क करने लगा है, इस तरह अंग्रेजी भाषा की घुसपैठ भारतीय मूल भाषा हिंदी में कर चुका है अंग्रेजी के कई ऐसे शब्द जिनका अज्ञानता वश हिंदुस्तानी धड़ल्ले से उपयोग करता है वे शब्द मूलतः हिंदी में किए जाने पर शर्म आ जाती है पर क्योंकि यह अंग्रेजी भाषा है अतः भारतीय से धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे हैं इस तरह धीरे-धीरे हिंदी भाषा को अंग्रेजी के शब्दों के इस्तेमाल के साथ पथभ्रष्ट करने का पूरा पूरा प्रयास किया गया है अब स्थिति इस कदर बिगड़ चुकी है कि हिंदी भाषा के अस्तित्व को बचाने के लिए हमें हर वर्ष हिंदी दिवस, हिंदी सप्ताह, हिंदी पखवाड़ा केंद्रीय कार्यालय में मनाने हेतु बाध्य होना पड़ रहा है मैंने बहुत विदेश यात्राएं की हैं, उसमें ब्रिटेन भी शामिल है, किंतु मैंने वहां पर किसी भी कार्यालय में इंग्लिश दिवस मनाते नहीं देखा, नाही फ्रांस दिवस मनाते पायो यह भारत देश में ही संभव है कि अपनी निजी भाषा हिंदी को बचाने के लिए हिंदी दिवस मनाने पर विवश हुए हैं हमारी मूल भाषा हिंदी धीरे धीरे हिग्लिश भाषा का स्वरूप लेते जा रही है. निसंदेह भारत की पवित्र भाषा हिंदी को अंग्रेजों द्वारा थोपी गई इंग्लिश दूषित करने के प्रयास में काफी हद तक सफल रही है हिंदी को हिंगलिश भाषा बनाने में दूरदर्शन के समाचार वाचक की बहुत बड़ी भूमिका रही है, क्योंकि भारत देश की बहुत बड़ी जनसंख्या दूरदर्शन को अलग-अलग चैनल में मनोरंजन तथा रोज की जानकारी के लिए समाचार सुनते हैं, और समाचार वाचक विशुद्ध रूप से दूरदर्शन में हिंगलिश भाषा का लगातार उपयोग और प्रयोग करते रहते हैं, जिससे आने वाली पीढ़ी इसी भाषा को बोलना लिखना पड़ता समझना चाहतीहिंदी भाषा को विकृत करने का काम इंग्लिश भाषा ने तो किया ही है, पर किसका प्रचार प्रसार दूरदर्शन तथा भारतीय फिल्मों ने भी बहुत किया है, क्योंकि भारतीय चित्रपट के दर्शक भारत में जनसंख्या के 70% लोग होते हैं, ऐसे में हिंदी भाषा का गलत स्वरूप ही आम जन तक पहुंच पाता है और यह बिगड़ा हुआ स्वरूप बच्चे तथा युवा बड़ी आसानी से सीख कर इसका लगातार प्रयोग कर रहे हैंहिन्ग्लिश कोई भाषा नहीं है, हिंदी भाषा बोलते समय अंग्रेजी शब्दों का बहुत प्रयोग को ही हिंगलिश कहा गया है यह अलग मुद्दा है की इससे हिंदी भाषा का विस्तार हुआ है तथा हिंदी बोलने वालों की संख्या में बड़ी वृद्धि हुई है दक्षिण प्रदेश के रहने वाले लोग हिंदी भाषियों से हिंगलिश मैं ही बात करके अपनी बात समझाने का प्रयास करते हैंकिंतु हिंगलिश का बढ़ता प्रचलन हिंदी भाषा की गरिमा के दृष्टिकोण तथा विकास के लिए एक चिंतनीय पहलू भी है अतः हिंदी भाषा बोलने के दौरान अंग्रेजी के शब्दों का प्रयोग तथा चलन हिंदी के भविष्य के लिए अच्छे संकेत देने वाला नहीं है हिंदी भाषा का व्याकरण अत्यंत समृद्ध तथा विशाल है, हिंदी के पास ना तो शब्दों की कमी है, और ना ही बोलने वालों की ऐसे में हिंदी के बोलचाल के विशुद्ध शब्दों का उपयोग ज्यादा से ज्यादा जनमानस को किया जाना चाहिए,जिससे हिंदी भाषा के अस्तित्व की रक्षा हो कर आने वाली पीढ़ी हिंदी को अच्छे से समझ कर पढ़ना तथा लिखना सीखेगी

# नये वर्ष से रामराज्य की सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी

**– ललित गर्ग –**



एक युगांतरकारी घटना के तहत भगवान श्रीराम पांच सौ वर्षों के बाद टेंट से मन्दिर में स्थापित होंगे। अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्रीराम मन्दिर का उद्घाटन 22 जनवरी, 2024 को करेंगे, निश्चित ही नये वर्ष से जन-जन को रामराज्य की सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी, भारत एक नये युग में प्रवेश करेगा। जितनी आस्था एवं भक्ति से जन-जन ने श्रीराम के प्रति भक्ति एवं आस्था व्यक्त की है, उतनी ही आस्था एवं संकल्प से अब हर व्यक्ति श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारे एवं स्वयं को श्रीराममय बनाये। श्रीराम बनने की तैयारी करें। अब पुनर्जन्म श्रीराम का ही नहीं, हमारा भी हो। हमारे इर्द-गिर्द श्रीराम की बहुत-सी श्रेष्ठताएं हैं, जो हमें महानता तक ले जाती है और जीवन-मूल्यों की प्रतिष्ठा करती हैं।

नया वर्ष भारत के लिये वास्तविक रूप में रामराज्य की स्थापना का ऐतिहासिक वर्ष होगा। श्रीराम को ह्ममयार्दा पुरुषोत्तमह्ल कहा गया है अर्थात पुरुषों में सबसे श्रेष्ठ उत्तम पुरुष। आज की जटिल, समस्याग्रस्त एवं अनैतिक स्थितियों के समाधान के लिये अपेक्षा है कि हर व्यक्ति श्रीराम बने, उत्तम पुरुष बने। हर व्यक्ति के सामने एक विचारणीय एवं बड़ा प्रश्न है कि वह आज का राम कैसे बने? राम वही बन सकता है जिसने स्वयं को पाने के लिये सकारात्मक यात्रा प्रारंभ की है, जिसमें लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पण है। जिसमें कष्टों को सहने की सहिष्णुता और धैर्य है, प्रतिकूलताओं एवं कष्टों के बीच सुख और श्रेयस् खोज लेने की प्रकृति है। शब्दों के कोलाहल में मौन रहने का संकल्प है। जो पुरुषार्थ से अपना भाग्य बदलना जानता है। जिसमें प्राणीमात्र के प्रति प्रेम, करूणा एवं मैत्री का भाव है। जो अपने विरोधी या शत्रु से भी सीखने को वरीयता दे। जिसका जीवन सादगी एवं संयम का प्रेरक हो। जो बुराइयों एवं अत्याचार के खिलाफ मोर्चा लेने को तत्पर हो। उन्नत एवं आदर्श समाज एवं राष्ट्र रचना जिसका जीवन-सपना हो। जो स्व और पर के अभ्युदय के लिये तत्पर हो। श्रीराम के इन गुणों को अपनाते हुए हर व्यक्ति राम बनने की ओर प्रस्थान कर सकता है।

प्रभु श्रीराम के व्यक्तित्व में विलक्षण संतुलन मिलता है। शांत-गंभीर और सौम्य श्रीराम ने कभी अपना संतुलन नहीं खोया। उन्होंने कभी परिस्थिति को अपने ऊपर हावी होने नहीं दिया बल्कि हर परिस्थिति में दृढ़ता बनाए रखना ही उनका स्वभाव है। आज के मुश्किल समय में हमें यही सीखना है। अनिश्चितता और संशय भरे समय में जब हर कोई टूटा हुआ, भंवर में पड़ा महसूस कर रहा है, श्रीराम की कर्तव्य पथ पर डटे रहने की प्रेरणा काम आ सकती है। मैं तो कहूंगा यदि हम प्रभु श्रीराम के व्यक्तित्व का कुछ अंश भी, उनसे कुछ बूंद भी ग्रहण कर सकें, तो निश्चित ही अपने व्यक्तित्व और जीवन में बदलाव महसूस कर सकते हैं। ऐसा करते हुए हम व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक, राष्ट्रीय एवं वैश्विक जीवन को उन्नत एवं आदर्शमय बना सकते हैं।

आज प्रभु श्रीराम के पुनर्जन्म से ज्यादा जरूरी है, अब हमारा पुनर्जन्म हो। हम श्रीराम के व्यक्तित्व से सीखें, उनके जीवन-आदर्शों पर अपने जीवन को ढ़ाले, जैसे श्रीराम अपने वचन के पक्के थे और इसके लिए बड़े से बड़ा त्याग किया। हमें भी वचनबद्ध होने की साधना करनी चाहिए। श्रीराम को खुद पर भरोसा था और उन्होंने साथ रहने वाले लोगों में भी भरोसा जगाया, हमें भी अपना भरोसा जगाना चाहिए। आगे बढने के लिए दृढ़ संकल्प काफी है। इसके बाद साधन की कमी राह में रोड़ा नहीं बनती। चाहे सेना कम हो या सुविधाओं का अभाव, श्रीराम ने रावण पर अपने दृढ़ संकल्प की बदौलत ही जीत हासिल की। अपनी संकल्प शक्ति से प्रभु श्रीराम की तरह व्यक्ति महानता के उस शिखर को भी छू सकता है, जहां देवता भी नहीं पहुंच पाए थे। एक युवा मन ने वन-गमन के फैसले को सहर्ष स्वीकार किया। तनिक भी विचलित नहीं हुए, बल्कि उस समय विलाप कर रहे मां, भाई और समाज के लोगों में भी अपने निर्णय पर अटल रहने की प्रेरणा जगा दी।

उद्देश्य को लेकर स्पष्ट होना जरूरी है, आपका लक्ष्य क्या है, यह पता होना चाहिए। भाषा-विवेक जरूरी है। अनुचित भाषा का प्रयोग प्रभु श्रीराम ने कभी नहीं किया। हर किसी का स्वागत मुस्कुरा कर करते और उसे तुरंत अपना बना लेते। कभी यह नहीं याद रखा कि औरों ने उनके साथ क्या और कैसा व्यवहार किया, सबके प्रति प्रेम भाव रखा और कर्म पथ पर अडिग रहे। दृष्टि संकुचित नहीं, बल्कि इसमें अथाह विस्तार था। वह परिवार केंद्रित नहीं रहा, बल्कि समस्त मानव जाति के प्रति प्रेम ही था उनका संदेश। अपनी महानता के बारे में कभी विचार नहीं किया, न इसका एहसास कराने की जरूरत समझी। जमीनी बने रहे। सांसारिक जीवन में आगे बढ़ने, नाम कमाने यानी ख्याति, यश, कीर्ति के लिए सद्गुणों और अच्छे कामों की बड़ी भूमिका होती है, क्योंकि गुण ही किसी भी इंसान को असाधारण और विलक्षण प्रतिभा का स्वामी बना देते हैं। इंसान को अपने जीवन में सफल होने के लिए किन खास गुणों पर ध्यान देना चाहिए ये रामजी के चरित्र के माध्यम से बताया गया है। उन्होंने मानवीय रूप में जन-जन का भरोसा और विश्वास अपने आचरण और असाधारण गुणों से ही पाया। उनकी चरित्र की खास खूबियों से ही वह न केवल लोकनायक बने, बल्कि युगान्तर में भी भगवान के रूप में पूजित हुए।

हम राम तो बनना चाहते हैं पर श्रीराम के जीवन आदर्शों को अपनाना नहीं चाहते, यह एक बड़ा विरोधाभास है। अजीब है कि जो हमारे जन-जन के नायक हैं, जिन प्रभु श्रीराम को अपनी सांसों में बसाया है, जिनमें इतनी आस्था है, जिनका पूजा करते हैं, हम उन व्यक्तित्व से मिली सीख को अपने जीवन में नहीं उतार पाते। जरा सोचिए क्या न्याय पाने के लिए कानून को तोड़ा जा सकता है? प्रभु श्रीराम ने तो न्याय के लिए बड़े से बड़ा त्याग किया। अपने-पराए किसी भी चीज की परवाह नहीं की। न्याय के लिए नियमों को सर्वोपरि रखा और मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाए! पर हमने यह नहीं सीखा और न्याय के नाम पर नियमों को तोड़ना आम बात हो गई है। संयमित रहना है और नियमों का पालन करना चाहिए, इस बात को लोग गंभीरता से नहीं लेते।

आज का इंसान छोटी-छोटी बातों से, संकटों से विचलित हो जाता है। श्रीराम भी विचलित हुए जब लंका नरेश रावण द्वारा माता सीता का हरण कर लिया गया। श्रीराम का विचलन माता सीता को जल्दी से जल्दी रावण से मुक्त कराने को लेकर था, उनके मार्ग में जो सबसे बड़ी बाधा थी वह समुद्र था। इसे पार करने की चुनौती सबको परेशान कर रही थी। श्री लक्ष्मण चाहते थे कि समुद्र सुखाकर आगे बढ़ा जाए लेकिन प्रभु श्रीराम को यह मंजूर नहीं था। उन्होंने समुद्र से मार्ग दिखाने की विनम्र प्रार्थना की और अंततः समुद्र ने मार्ग बताया। जीवन में ऐसी परिस्थितियां आती रहती हैं। पर प्रभु की तरह यदि मुश्किल समय में हम संयम एवं विनम्रता बरतें तो आगे बढ़ने की राह जरूर मिल जाती है। श्रीराम ने सिखाया कि उतार-चढ़ाव तो जीवन का अंग है। दुख किसने नहीं सहा और किसे नहीं होगा, पर यदि संकल्प मजबूत रहे और संकट काल में संयम बनाए रखें तो हम बड़े से बड़े तूफान, झंझावात का सामना कर सकते हैं। हमें कठिनाइयों में भी अपनी नैतिक मयार्दाओं को नहीं खोना चाहिए। तमाम उतार-चढ़ाव में भी अपने पथ पर आगे बढ़ना ही श्रेष्ठ है, न कि बुराई के आगे समर्पण कर देना। प्रभु श्रीराम ने मयार्दा का जीवन जीकर जन-जन के लिये प्रेरणा बने। पर आज के मनुष्य ने अपने स्वार्थ के वशीभूत होकर प्रकृति, पदार्थ, प्राणी और पर्यावरण के सह-अस्तित्व को नकार दिया। हम अपने वैयक्तिक विचारों के आग्रह में बंधकर रह गये, हमने वैभव और विलासिता की दीवारों को ऊंची करने में जीवन खपा दिया। श्रीराम ने समता से जीने की सीख दी, पर हमने अनुकूलता-प्रतिकूलता के बीच संतुलन-धैर्य रखना भूल गये। श्रीराम ने अभय और मैत्री का सुरक्षा कवच पहनाया, हम प्रतिशोध और प्रतिस्पर्धा को ही राजमाग समझ बैठे। मेरा ईश्वर मैं ही हूं, मेरा राम मैं ही हूं-यह समझ तभी फलवान बन सकती है, जब व्यक्ति स्वयं श्रीराम को जीए और श्रीराम को जीने का तात्पर्य होगा- स्वयं का पुनर्जन्म।

# एक जोड़ी जूते के नीचे दबा दबदबा

**– बादल सरोज**

ओलम्पिक मैडल जीतकर आने वाली अब तक की अकेली महिला कुश्ती खिलाड़ी साक्षी मलिक ने भारत की महिला खिलाडियों की प्रतिनिधि के रूप में टेबल पर रखे अपने जूतों के बिम्ब से तेल और पानी में भीगे जूतों की मार को असरदार बताने वाले मुहावरे को नया रूप दे दिया और बता दिया कि उनसे भी ज्यादा ताकतवर मारकता आंसुओं से भीगे जूतों में होती है। यह भी दिखा दिया कि कुछ जूते हजार जूतों के बराबर होते हैं।

जूतों और मनुष्य समाज का साथ नया नहीं है– होने को तो जब से आदिमानव ने चलना सीखा होगा तभी से पंजों के निचले हिस्से के बचाव के लिए पांवों के नीचे जन्नत का कोई न कोई उपाय आजमाया होगा। मानव इतिहास के खोजियों की मानें तो सबसे पुराने जूते कोई पांच से साढ़े पांच हजार साल पहले के मिले हैं। चमड़े के जूते करीब साढ़े तीन हजार साल पहले चलन में आये; हालांकि सैंडल्स जैसा कुछ पहने जाने का रिवाज तो और भी पहले लगभग 8 से 9 हजार साल पहले ही आरम्भ होने के प्रमाण मिले हैं ।

धरती के इस हिस्से में भले आर्यों के साथ नहीं आये, मगर लगता है यहां आकर उन्हें उसका महत्व पता चला और करीब–करीब वैदिक काल से ही कहीं पादुका, कहीं खड़ाऊ के रूप में मिलने लगे थे; बाद में मोजरी, खुस्सा, नागरा, पनहा से होते हुए चप्पल, जूते और जूती तक आ गए । अलबत्ता चमड़े के जूतों के मामले में ऊंच–नीच होती रही– शुरू में आये फिर धर्म–ए– शाकाहारी हुआ तो उन्हें धारण करना बंद कर दिया गया, मगर बाद में फिर आ गए। जरूरत के अलावा इन्हें शान का भी प्रतीक माना गया– इस कदर कि बिना जूते बाहर निकलने की तौहीन से बचने के लिए जूते पहनते और उनके फीते बांधते में हुई देरी के चलते अवध के नवाब वाजिदअली शाह मारे भी गए। हालांकि बिना जूतों के नंगे पांव जाना स्वागत सत्कार के प्रोटोकॉल का सर्वोच्च रूप भी माना गया। बहरहाल पांवों को चलने में सहूलियत देने वाले जूते धीरे–धीरे इतने चलायमान हो गए कि खुद चलने लगे और चलते–चलते साहित्य और वर्तनी में आ पहुंचे। भारतीय समाज में जहां 'हमारे पांव–पांव उनके पांव चरण' का विभाजन ही विधान रहा वहां पाव नंगे ही रहे, पादुकाएं सिर्फ चरण कमलों के हिस्से में आईं ; और यह अतीत की बात नहीं है, देश के बड़े हिस्से में आज की ही बात है।

आज भी जिनके पांव, पांव हैं वे अगर चरणकमलधारियों के सामने से गुजरते हैं तो जूते उतारकर ही गुजरते हैं; कई बार तो अपने ही जूते सर पर धर कर ही गुजर पाते हैं। अभी इसी महीने तामिलनाडु के तिरुपुर में दलितों को जूते चप्पल पहनने से रोककर जाने का मामला सामने आया है, बुन्देलखण्ड और चम्बल के कुछ इलाकों में यह रोज की बात है। यही वजह रही कि शुरूआती सामाजिक प्रतिरोध आंदोलनों में जूते पहनकर निकलना भी एक बड़ी विरोध कार्रवाई की तरह इस्तेमाल किया गया। जूतों से मारा गया तो प्रतिरोध में जूते उछाले भी गये हैं। जूतों ने अगर राज किया है तो राज करने वाले जुतियाये भी गए हैं। जूतों का आविष्कार करने वाले शायद ही जानते होंगे कि उनके मनुष्य की चाल और उसके चलन को आसान बनाने के लिए बनाए गए ये





उपकरण आगे जाकर बहुविध और बहुआयामी हो जायेंगे। हाल के दौर में सबसे मशहूर रहा ईराकी पत्रकार मुंतजर अल जैदी का 10 नम्बर का जूता– जिसे उसने 15 वर्ष पहले 14 दिसंबर 2008 को बगदाद में तब के अमरीकी राष्ट्रपति बुश जूनियर पर उछाला था। अल हदाद नाम की कम्पनी का मॉडल नम्बर 271 जूता इस कदर मशहूर हुआ कि इसका नाम ही बुश का जूता पड़ गया। पादुकाओं के अस्त्र बनने की इस घटना ने बाद में इतनी ख्याति प्राप्त कर ली कि अधिकांश नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों के दफ्तरों के बाहर बाकायदा बोर्ड्स लगाए जाने लगे कि जूते बाहर उतारकर ही अन्दर आयें। मगर जूते तो बने ही चलने के लिए थे, उन्हें कोई बोर्ड या सूचना क्या खाक रोक पाती! जूतों पर विशद विमर्श इसलिए है क्योंकि पिछले सप्ताह से चरणकमलों और पादुकाओं वाले देश में एक खिलाडि? के जूते चर्चा का विषय बने हुए हैं। मरहूम अकबर इलाहाबादी साहब के एक लोकप्रिय शेर को मौजूं बनाने के लिए थोड़ा बदल कर कहें तो; 'जाल शकुनि ने बिछाया, साक्षी ने जूता रखा / शकुनि का पांसा रह गया, साक्षी का जूता चल गया।' ओलम्पिक मैडल जीतकर आने वाली अब तक की अकेली महिला कुश्ती खिलाड़ी साक्षी मलिक ने भारत की महिला खिलाडियों की प्रतिनिधि के रूप में टेबल पर रखे अपने जूतों के बिम्ब से तेल और पानी में भीगे जूतों की मार को असरदार बताने वाले मुहावरे को नया रूप दे दिया और बता दिया कि उनसे भी ज्यादा ताकतवर मारकता आंसुओं से भीगे जूतों में होती है। यह भी दिखा दिया कि कुछ जूते हजार जूतों के बराबर होते हैं। जो हुआ उसे अब सारा देश जानता है और वह यह है कि यौन उत्पीड़क भाजपाई सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह की अध्यक्षता वाली भारतीय कुश्ती संघ की मान्यता जब अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक एसोसिएशन ने समाप्त कर दी, दुनिया के कुश्ती महासंघ ने भी उसके लिए सारे दरवाजे बंद कर दिए तब इस आरोपी का इस्तीफा और नया चुनाव कराना मजबूरी हो गया था। कथित रूप से 'कराये गए' इन नए चुनावों में यौन उत्पीड़क भाजपाई ब्रजभूषण शरण सिंह का खडाऊ–उठाऊ संजय सिंह अपने पूरे पैनल के साथ न सिर्फ 'जीत कर' आ गया बल्कि उसके जीतते ही अहंकारी निर्लज्जता के साथ खुद यौन आरोपी गा–बजाकर महिला खिलाडियों को धमकाने लगा।

11 महीने से अपने आत्मसम्मान और आने यौन उत्पीड? के मामलों में न्याय पाने की लड़ाई लड़ रही महिला खिलाडियों और बाकी पहलवानों के लिए यह जीत और उसके बाद की यह बेहूदगी बर्दाश्त की सारी हदों को पार करने वाली थी। उनकी प्रतिनिधि के रूप में साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के साथ प्रेस क्लब में आयीं और पत्रकारों के बीच महज 1 मिनट 9 सेकंड में अपनी हताशा जताकर आंसुओं के बीच अपने जूते टेबल पर रखकर खेल छोड? का ऐलान कर दिया। खिलाडियों की इस कार्रवाई ने पूरे देश को हिला दिया। लोगों की प्रतिक्रिया इतनी जबरदस्त थी कि तीन दिन के बाद अचानक खेल मंत्रालय ने इस 'नवनिर्वाचित' कुश्ती संघ को निलंबित करने का ऐलान कर दिया।

कुछ भले मानुष इसके साथ दिए उस नत्थी बयान को सच मानने के मुगालते में हैं जिसमें चुनाव गलत तरीके से होने, नयी समिति का काम पुराने पदाधिकारियों के नियंत्रण वाले परिसर से चलने और बिना किसी पूर्व तैयारी के 15 और 20 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों और लड़कों की राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन ब्रजभूषण शरण सिंह के घर नंदिनी नगर गोंडा में करने की घोषणा को आधार बताया गया है।

# नागपुर से कांग्रेस का बड़ा संदेश

कांग्रेस का स्थापना दिवस अमूमन दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में ध्वजारोहण और कुछेक औपचारिक भाषणों के साथ मना लिया जाता है। दो–चार बड़े नेताओं के सोशल मीडिया पोस्ट्स इस मौके पर आ जाते हैं, जिन्हें उनके मुट्ठी भर समर्थक फॉरवर्ड और लाइक कर देते हैं। देश की सबसे पुरानी राजनैतिक पार्टी, जिसके बिना भारत के स्वाधीनता संग्राम का इतिहास अधूरा रह जाएगा, उसके प्रति बीते वर्षों में आम जनता ने उदासीन भाव ही रखा है। देश के अधिकतर लोगों को इस बात का इल्म ही नहीं होगा कि कांग्रेस का स्थापना दिवस कब आया और कब बीत गया। लेकिन इस बार ऐसा शायद न हो। अपने 139वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस ने– नागपुर में हैं तैयार हम, नाम से महारैली कर वाकई ऐलान कर दिया है कि 2024 के चुनावों में दो बार से सत्ता पर काबिज भाजपा का सामना करने के लिए कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पूरी तरह तैयार हैं।

नागपुर की इस महारैली की घोषणा कांग्रेस ने पहले ही कर दी थी। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान के विधानसभा चुनावों के बाद मीडिया ने फिर से माहौल बनाना शुरू कर दिया था कि अब कांग्रेस का जोश ठंडा पड़ जाएगा या इंडिया गठबंधन में उसकी बात नहीं सुनी जाएगी। लेकिन यह साफ दिख रहा है कि कांग्रेस ने इस कोशिश को अपने संकल्प पर हावी नहीं होने दिया। पहले 19 दिसंबर को कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक की मेजबानी की। उसके बाद निलंबित सांसदों के समर्थन में जंतर–मंतर के प्रदर्शन में अपना दम दिखाया। 138 साल पूरे होने पर देश के लिए दान अभियान चलाकर क्राउड फंडिंग की। मणिपुर से महाराष्ट्र तक भारत न्याय यात्रा निकालने का ऐलान कर दिया। इन सबसे पता चलता है कि कांग्रेस जनता के बीच जाने और जनता से जुड़ने का कोई अवसर नहीं छोड़ रही है।

कांग्रेस ने नागपुर में अपना स्थापना दिवस मनाने का जो फैसला लिया, उसके भी गहरे निहितार्थ हैं। विदर्भ का यह इलाका लंबे वक्त तक कांग्रेसमय रहा है। गांधीजी का इस इलाके से खास लगाव रहा है। दिसंबर 1920 में आयोजित कांग्रेस के नागपुर सत्र में महात्मा गांधी के नेतृत्व में पार्टी ने अंग्रेजों के खिलाफ असहयोग आंदोलन शुरू करने का आह्वान किया था। इसके बाद 1959 में कांग्रेस के नागपुर सत्र में ही इंदिरा गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष चुना गया था। नागपुर दीक्षा भूमि के लिए जाना जाता है, जहां संविधान निमार्ता बी आर अंबेडकर ने बौद्ध धर्म अपनाया था। मौजूदा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी दलित समुदाय से हैं। इसलिए उनके नेतृत्व में कांग्रेस की नागपुर में महारैली से दलितों को जोड़ने में मदद मिल सकती है। नागपुर की एक खास बात ये भी है कि यहां राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का मुख्यालय भी है। इसलिए कहा जा सकता है कि कांग्रेस ने इस बार संघ को उसके गढ़ में घुसकर चुनौती दी है

हैं तैयार हम महारैली में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे दोनों के भाषणों में वही सारी बातें सुनने मिलीं, जो इससे पहले संसद में या चुनावी सभाओं में जनता सुन चुकी है। जैसे दोनों ने ही इस बार की लड़ाई को विचारधारा की लड़ाई कहा। एक ओर संविधानविरोधी, गोडसे वाली विचारधारा है, जो हिंदुत्व को बढ़ाना चाहती है, गुलामी के दौर वाले नियम–कानून फिर से देश में लाना चाहती है, दूसरी ओर गांधी–नेहरू–अंबेडकर की विचारधारा है, जिसने देश को आजाद करने की लड़ाई लड़ी, जिसके कारण देश को संविधान मिला, जिसके कारण हिंदुस्तान के हर व्यक्ति को सभी भेदों से परे बराबरी का हक मिला, अपनी सरकार चुनने का हक मिला। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे दोनों ने ही जनता को बतलाया कि किस तरह मोदी सरकार के 10 सालों के शासन में देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी है, लोगों की तकलीफें बढ़ी हैं और केवल 2–3 अरबपतियों को फायदा हुआ है।

राहुल गांधी ने फिर से जातिगत जनगणना का मुद्दा उठाया तो वहीं मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि आप अगर हमें सत्ता में आने का मौका देते हैं तो हम आपको न्याय देंगे। यानी सबसे गरीब परिवारों को हर साल 72 हजार रूपए देने की कांग्रेस की न्याय योजना को लागू करने की बात कांग्रेस अध्यक्ष ने कही। लेकिन इन दोनों नेताओं के भाषणों में सबसे खास बात ये रही कि दोनों ने आने वाले चुनावों में केवल कांग्रेस की जीत की बात न कहकर इंडिया गठबंधन के जीतने की बात कही है। इसके बाद अब कोई संदेह नहीं रह जाता कि अब भाजपा को 28 दलों की एकता का मुकाबला करना होगा।

# अनसुनी को सुनाने के लिए धमाका

**– प्रेरणा**

हमारे यहां ज्यूरी जैसा कोई सिस्टम नहीं है। लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन मानी जाती है तो हम ही ज्यूरी बनकर इस केस की सुनवाई करते हैं। सबसे पहले हमें साफ दिखता है कि जिन युवाओं ने यह किया वे हमारे शहीदे–आजम भगत सिंह से प्रभावित थे। 8 अप्रैल, 1929 को भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने इसी तरह 'सेंट्रल स्टेट असेंबली' में धमाका किया था तथा अपनी गिरफ्तारी दी थी। उन्होंने बम के साथ वह पर्चा भी असेंबली में बांटा था।

अमेरिका की न्याय–प्रणाली में सुनवाई के लिए नागरिकों की एक ज्यूरी गठित की जाती है जो न्याय तक पहुंचने में जज की मदद करती है, लेकिन सवाल है कि क्या न्याय दिल से करना चाहिए या दिमाग से? दिमाग पूर्वाग्रहों से भरा, इंसानी कमजोरियों से घिरा होता है। जब तक हम, जो न्याय करने बैठे हैं, ईमानदार और निष्पक्ष न हों तब तक हमें अपने दिल से पूछते रहना चाहिए कि सामने खड़ा व्यक्ति अपराधी है कि नहीं। गांधीजी भी कुछ ऐसा ही कहते हैं कि एक ही लाठी से हर गुनहगार को हांकना न्याय नहीं है।

चोरी का उदाहरण देते हुए वे कहते हैं कि यदि घर में चोर घुस आया है तो आप क्या करेंगे? अगर चोर आपके पिता हैं तो आप चुपचाप सोये रहेंगे; चोर आपसे तगड़ा–मजबूत कोई पट्ठा है तो भी आप सोये रहेंगे। दोनों मामलों में सोने के कारण अलग–अलग हैं – एक में करुणा छिपी है तो दूसरे में डर! दोनों को सजा देने के पैमाने अलग–अलग होंगे। अगर आप यह जानने की कोशिश करेंगे कि चोर ने चोरी क्यों की तो हो सकता है कि करुणा में आकर आप उसकी मदद ही कर दें। तो बात यह समझने की है कि एक ही प्रकार के गुनाह की, एक ही प्रकार की सजा का आधुनिक न्यायतंत्र अधूरा और अपर्याप्त है। यह बात मैं क्यों लिख रही हूं? इसलिए कि पिछले दिनों भारत की संसद के सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए कुछ युवा चलती संसद में कूद पड़े और कुछ पटाखे फोड़े जिससे वहां अफरा–तफरी मच गई। सांसद डरे–घबराए तथा भागने भी लगे।

कुछ सांसद ऐसे भी निकले जिन्होंने उन दोनों युवकों को धर दबोचा और उन्हें पीटने लगे। फिर कुछ सांसद बहादुर भी बन गए और सांसदों की भीड़ चीरते हुए, अपना हाथ साफ करने कूद पड़े। किसी ने इस पर एक कार्टून भी बना दिया– एक पूछता है– इनकी हिम्मत कैसे हुई संसद में घुसने की? दूसरा जवाब देता है– हां, यहां तो चुनाव जीतने वाले अपराधी ही घुस सकते हैं! हमारे यहां ज्यूरी जैसा कोई सिस्टम नहीं है। लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन मानी जाती है तो हम ही ज्यूरी बनकर इस केस की सुनवाई करते हैं।

# केन्द्र-प्रदेश सरकार पीडितों के लिए कर रही कार्यः सांसद

## शिविर में साढे तीन सौ का हुआ परीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** केंद्र व प्रदेश सरकार ने एलिम्को इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन व जिला प्रशासन के सहयोग से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परिसर में दिव्यांग आकलन शिविर में सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, नगर पंचायत मऊ अध्यक्ष अमित द्विवेदी, दिव्यांग एवं जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा पाल व जीजीआईसी प्रधानाचार्य विनीता वर्मा सोनी ने दीप जलाकर मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया।

शनिवार को जीजीआईसी छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत पेश किया। अपरान्ह दो बजे 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के 110 बच्चे, 15 वर्ष से ऊपर वालों में 100 दिव्यांगो का पंजीयन हुआ। सभी आयु वर्ग के 100 दिव्यांगों का परीक्षण हुआ। दस दिव्यांग के कार्ड बने। 30 को विशेष जांच को डॉक्टरों ने रेफर किया। शिविर जारी है, आंकड़े पांच सौ से ऊपर बढ़ सकते हैं।



दिव्यांग शिविर में बोलते सांसद।

सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों ही नहीं, बल्कि सभी पीड़ितों के लिए समान रूप से कार्य कर रही है। चिन्हित दिव्यांगों को सरकार की ओर से उपकरण दिये जायेंगे, पेंशन भी दी जाती है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि डबल इंजन सरकार में जन कल्याणकारी कार्य लगातार हो रहे हैं। दिव्यांगों के शिविरों की सराहना की। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि शासन की मंशानुसार शिविरों को लगाकर पात्रों को लाभ दिलाया जा रहा है। विभागीय अधिकारी इस दिशा में काम कर रहे हैं। इस मौके पर एलिम्को सीएसआर कंसलटेंट पीके यादव, विश्व कुमार यादव, कानपुर एलिम्को पुनर्वास विशेषज्ञ अमित कुमार, भाजपा नेता राजकुमार त्रिपाठी, शिवाकांत, अशोक प्रताप सिंह, अनूप, सुजीत, महेंद्र सिंह, नेशनल करियर सर्विस सेंटर के उज्जवल दिक्षित, अंकित कुमार, बेसिक शिक्षा विभाग के समेकित शिक्षा के जिला समन्वयक संदीप सिंह, अभिषेक द्विवेदी, ओमजी दुबे, विष्णु दत्त बादल, आशीष रघुवंशी, अजीत सिंह, शंकर यादव, सुरेश मिश्रा, केदारनाथ यादव, रितेश कुमार, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# पोषण समिति की बैठक में रहे वजन मशीनः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने पोषण समिति की बैठक में कहा कि बीएचएसएनडी सत्र के निरीक्षण में फोटो ग्रुप में डालें। बीएचएसएनडी सेशन पर वजन मशीन खराब होने पर सही करायें।

शनिवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने पोषण वाटिका बाबत कहा कि अच्छी बनायें व चहारदीवारी करायें। बाल विकास परियोजना व एमओआईसी कोऑर्डिनेटर कर बेबी मशीन में बढ़ोतरी करायें। टीएचआर यूनिट बाबत डीसी एनआरएलएम व जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिये कि हफ्ते में निरीक्षण करते रहें। मशीन ठीक से चलनी चाहिए, ये जिम्मेदारी है, प्रगति करायें। सैममैंम बच्चों बाबत जिलाधिकारी ने कहा कि सर्वे बाल विकास परियोजना अधिकारी 6/6 केन्द्रो पर करेंगे। शत-प्रतिशत वजन कराकर डाटा भेजें। वजन में आशाओं को न लगायें, किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो, सही डेटा हो, उसे पेश करें। बीएचएसएनडी सत्र पर मौजूदगी बाबत सीडीओ को निर्देश दिये कि सत्र के दिन से पहले वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर सबको बतायें।



बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी ने एनीमिया मुक्त भारत बाबत प्रभारी को निर्देश दिये कि जनवरी में फोकस कर प्रगति करायें। निर्माण कार्य बाबत सीडीओ को निर्देश दिये कि अधिकारियों की टीम बनाकर निरीक्षण करायें, फोटो भी अपलोड करें। बैठक में सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एन आर एल एम ओपी मिश्रा, प्रभारी अधिकारी सुधीर कुमार शर्मा, डीपीओ पीडी विश्वकर्मा, डीआईओएस एसके मिश्रा, बाल विकास परियोजना अधिकारी महेंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया आदि मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण में मिली बारीकियों को करें लागूः अतुल दत्त तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश पर समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांगों की शिक्षण व्यवस्था को जिले के 50 नोडल शिक्षक-शिक्षिकाओं के पांच दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी में समापन हुआ। प्रशिक्षक उमेश कुमार, कल्पना स्वर्णकार, राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का परिचय राष्ट्रीय शिक्षा नीतिएवं दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम में शारीरिक बाधाओं की स्क्रीनिंग कर दिया जा रहा है।

शनिवार को समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी अतुल दत्त तिवारी ने कहा कि सभी अध्यापक दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़े, ताकि उनका विकास हो सके। प्रशिक्षण से प्राप्त बारीकियों को बच्चों व विद्यालय में पालन करें। सभी गतिविधि करायें। इस मौके पर शिक्षक अशफीर्लाल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, विद्यासागर सिंह, संजीव, शैलेन्द्र कुमार शर्मा, कल्पना सोनी, उमेश कुमार, लालमणि पांडे, सुरेश प्रसाद, प्रशांत केसरवानी, बसंत कुमार जायसवाल, रामनारायण पांडे, कविता यादव, राजेश कुमार श्रीवास्तव, रामकृष्ण सिंह, कुलदीप चतुर्वेदी, अभ्युदय साहू, शिवनरेश सिंह, विश्वबंधु पांडे, पूजा चतुर्वेदी समेत शिक्षक एवं शिक्षिकायें मौजूद रहे।



कार्यशाला समापन पर शिक्षिकायें।

# पीएम-सीएम ने धरातल पर उतारा है विकासः सांसद

## गांव की समस्या-गांव में समाधान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सांसद आरके सिंह पटेल व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव तथा जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर और भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की मौजूदगी में ग्राम चैपाल के तहत गांव की समस्या-गांव में समाधान की पहली वर्षगांठ पर हुई गोष्ठी/मेला लगा।

शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में लगे मेले में सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि चैपाल की पहली वर्षगांठ में तमाम समस्याओं का समाधान हुआ है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारा है। जिले में विकास खंडवार 378 चैपाल में 2166 शिकायतों में 2013 निस्तारित की गई हैं। विकसित भारत यात्रा की गाड़ियां गांजों में जा रही है। लाभार्थियों का पंजीयन हो रहा है। जिलाधिकारी से कहा कि पंजीयन आवास व अन्य योजनाओं बाबत पंजीयन फीडिंग संबंधित विभाग से करवायें। समय से फीडिंग कराकर लाभार्थी को लाभ दें। 2024 में प्रधानमंत्री का मानना है कि महिला, नौजवान, गरीब, किसान के सभी कार्य मिलकर पूरा करें। इस मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के पांच लाभार्थियों राम किशोर, संतोषीया, लालता, उषा, शीला देवी को चाभी सौंपी। प्रधानमंत्री आवास योजना में सुरेश, बोधी, मंजू, मुन्ना को मंजूरी पत्र दिया।




चौपाल में मंजूरी पत्र देते सांसद आरके सिंह पटेल आदि।

# गांव की बेटी आराधना ने जिले का बढ़ाया मान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक के देवल गांव की आराधना उपाध्याय पुत्री रुद्रनारायण उपाध्याय का चयन टेक्नोलॉजी की मशहूर कंपनी सीआईएससीओ में सीनियर आडीटर पद पर पचीस लाख रुपए प्रति वर्ष पैकेज पर हुआ है।

ज्ञात है कि आराधना पढ़ाई में शुरू से ही प्रखर थी। केरल से कक्षा दसवीं में सीजीपीए बच्चों में से कॉमर्स से बारहवीं के बाद बीकॉम, सीए की पढ़ाई शुरू की। पहले प्रयास में बीकॉम में बैंगलौर यूनिवर्सिटी में चैथी रैंक मिली। चार्टेड अकाउटेंट आल इंडिया परीक्षा में 26वीं रैंक प्राप्त किया। पिता सीआईएसएफ में उपनिरीक्षक पद पर राजस्थान के कोटा में तैनात हैं। मां कुशल ग्रहणी है। आराधना की सफलता पर गांव व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जिले के पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र व अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामप्रकाश पाण्डेय एड, नगर पालिका के वार्ड मेम्बर शंकर यादव समेत जिले के लोगों ने शुभकामनायें देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।



आराधना उपाध्याय।

# विधायक की पहल पर जीआरपी प्रभारी समेत पांच पर रिपोर्ट दर्ज

## अनुसूचित जाति छात्रों की पिटाई का मामला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अनुसूचित जाति के छात्रों के साथ मारपीट के मामले में जीआरपी थाना प्रभारी समेत पांच पुलिस कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पीड़ित छात्र के पिता सुरेश कुमार की तहरीर पर मामला दर्ज हुआ।

ज्ञात है कि 24 दिसम्बर को मप्र के नयागांव थाना क्षेत्र के छीरपुरवा के ओमनारायण पुत्र शिवनरेश व ओमप्रकाश पुत्र सुरेश व धनराज वर्मा पुत्र स्व रामस्वरुप को जीआरपी पुलिस ने रेलवे स्टेशन से पकडकर बेरहमी से पिटाई की थी। पिटाई से एक छात्र के कान के पर्दे फट गये थे। नाजुक दशा में जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में सपा विधायक अनिल प्रधान, जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती व बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा आदि ने गहरा रोष जताया था। विधायक अनिल प्रधान ने उच्चाधिकारियों से बातकर अनुसूचित जाति के छात्रों को न्याय दिलाने को कहा था। इस पर उच्चाधिकारियों की पहल पर पीडित छात्र के पिता सुरेश की तहरीर पर जीआरपी थाना प्रभारी त्रिपुरारी कौशिक समेत पांच पुलिस कर्मियों के खिलाफ मामला दर्जकर लिया गया है।

# प्रयागराज ने 68 रनों से महोबा को हराया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर सुभाष चैलेंज कप अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूनामेंट का ग्रुप बी का क्वार्टर फाइनल महोबा व प्रयागराज के बीच हुआ। महोबा ने टॉस जीतकर पहले बालिंग करने का निर्णय लिया। प्रयागराज टीम पहले बल्लेबाजी कर 221 रन बना कर आल आउट हो गई। महोबा को 222 का लक्ष्य दिया। प्रयागराज से ब्रजेंद्र ने 40 गेंद में 61 रन, विराट ने 21 गेंद में 58 रन बनाये।

शनिवार को महोबा से गेंदबाजी करते हुए प्रशांत पांच ओवर में 33 रन देकर तीन विकेट, अभिषेक ने पांच ओवर में 35 रन देकर एक विकेट लिया। लक्ष्य पाने को महोबा टीम 22 ओवर में 153 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। महोबा से बल्लेबाजी कर साहिल 25 गेंद में 32 रन, यश ने 15 गेंद में 14 रन की पारी खेली। प्रयागराज से ध्रुव ने तीन ओवर में 15 रन दो विकेट, विराट ने चार ओवर में 28 रन दो विकेट लेकर मैन आफ द मैच रहे। प्रयागराज ने ये मुकाबला 68 रन से अपने नाम किया।

मैच के मुख्य अतिथि बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, विशिष्ठ अतिथि संतू सिंह, अमित सिंह, फिरोज अंसारी, अंपायर विजय भारद्वाज, समसुद्दीन, स्कोरर सौरभ नाहर, शमसुद्दीन खान, राकेश मिश्रा, इरफान खान, लोकेश सिंह, कमलेश परिहार, रामचंद्र कुरील, लल्लू रैकवार आनंद, ऋषि यादव, करन पटेल, रानू, हिमांशु नाहर, अनुराग आदि मौजूद रहे।

## सडक सुरक्षा के नियमों का करें पालन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 15 से 31 दिसम्बर तक परिवहन विभाग के एआरटीओ विवेक कुमार शुक्ला, यात्रीकर/मालकर अधिकारी डॉ सन्तोष कुमार तिवारी ने जिले में वाहन चालकों को सीट बेल्ट प्रयोग करने की सलाह दी। शनिवार को एआरटीओ ने एचएसआरपी न लगे वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की। वाहन चालकों व आम जनता को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुये पालन करने को प्रेरित किया।

# पुलिस ने खोजा डेढ़ घंटे में मोबाइल फोन



मोबाइल स्वामी को फोन देती पुलिस।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर कोतवाली कर्वी पुलिस ने खोये मोबाइल को डेढ़ घंटे के अन्दर बरामद कर मोबाइल स्वामी के सुपुर्द किया। ज्ञात है कि शनिवार को दोपहर 12 बजे बिहार प्रान्त के बेतिया जिले के पश्चिम चम्पारण के श्याम बाबू कुमार पुत्र मुक्तिनाथ प्रसाद जो जल जीवन मिशन में काम करता है- ने सूचना दी कि पुरानी बाजार के पास कहीं फोन गिर गया है। पुलिस ने सिपाही गोलू भार्गव व सिपाही जयनारायण पटैरिया को खोजबीज में लगाया। अपरान्ह डेढ बजे धुस मैदान के पास से मोबाइल बरामद किया। मोबाइल स्वामी श्याम बाबू कुमार को फोन सुपुर्द किया। मोबाइल पाकर मोबाइल स्वामी के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। पुलिस की तत्परता पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सोलर प्लांट को किसानों के जमीन देने पर सांसद ने कहा सुक्रिया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला स्तरीय अक्षय ऊर्जा जागरूकता गोष्ठी में सांसद आरके सिंह पटेल ने कलेक्ट्रेट परिसर में फीता काटकर शुभारम्भ कर सोलर रूफ टॉप योजना, स्वयं सहायता समूह ने उत्तर प्रदेश माटी कला, उन्नत प्रेरणा लघु उद्योग के स्टॉल देखे।

शनिवार को परियोजना अधिकारी यूपी नेडा ने सौर ऊर्जा, जैव ऊर्जा नीति के तहत संचालित आनग्रिड सोलर पॉवर प्लांट, प्रधानमंत्री कुसुम सी-1 के तहत संचालित निजी ऑन ग्रिड पम्प का सोलराइजेशन ऑफ ग्रिड सोलर पॉवर प्लांट जैव ऊर्जा नीति के तहत सीबीजी, बायोकोल, बायोडीजल/बायोएथनाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मेसर्स जेन ऊर्जा प्रालि के निदेशक आदित्य पांडेय ने पीपीटी से ऑन ग्रिड सोलर पॉवर प्लांट के पोर्टल पर पंजीयन एवं अन्य जिले में लगाये प्लांट का सजीव प्रदर्शन किया। जिले में तहसील मऊ में अल्ट्रा मेगा सोलर पॉवर पार्क 800 मेगावाट, जो 15 गांवों में लीज पर भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही गतिमान है, उसमें विशेष सहयोग करने वाले 13 लोगों को प्रशंसा पत्र व शॉल देकर सम्मानित किया।



मेले का शुभारम्भ करते सांसद आदि।

इनमें पूर्व ब्लाक प्रमुख नवल किशोर मिश्र, किसान रामजी शुक्ला, उमेश पाण्डेय, राकेश दियेद्वी, सुनील शुक्ला प्रधान मनका, राजेश श्रीवास्तव प्रधान डोढियामाफी, साकेत बिहारी शुक्ला पूर्व प्रधान गाहुर, प्रभात पाण्डेय प्रधान कोटवामाफी, शैलेश शुक्ला प्रधान बरगढ़, भीम पाण्डेय प्रधान गुइयाकला, किसान सुधाकर पाठक, किसान अनिल शुक्ला, मनीष वर्मा प्रधान प्रतिनिधि कटैयाडांडी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी का आभार जताया। अक्षय ऊर्जा गोष्ठी व ग्राम चैपाल में मौजूद जनप्रतिनिधियों का स्वागत कर कहा कि वे किसानों को बधाई देते हैं, जो 800 मेगावाट टूस्को के लगाये जा रहे को सरकारी व निजी भूमि मिल गई है। तीन हजार एकड़ भूमि की जरूरत को किसान भाइयों व मऊ के अधिकारियों ने दिलाई है। चैपाल में पेंशन आवास अन्य समस्यायें विकसित भारत यात्रा से की जा रही हैं। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि पंजीयन की फीडिंग करायें। इस मौके पर सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, डीसीएनआरएलएम ओपी मिश्रा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, राजकुमार त्रिपाठी, परियोजना अधिकारी यूपी नेडा एके श्रीवास्तव, उद्यमी बायो ऊर्जा एफपीओ, एजीएम टूस्को व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ईओ के जवाब से संतुष्ट नही हैं पूर्व वार्ड मेम्बर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका के ईओ लालजी यादव के पुरानी कोतवाली/पेशवाकालीन इमारत बाबत सूचना अधिकार अधिनियम के तहत पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव की मांगी गई जानकारी में गोलमोल जवाब देने पर श्रीवास्तव ने आपत्ति जताई है। शनिवार को पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि ईओ ने मांगी गई जानकारी में तथ्यों को छिपाया है। नजूल भूमि को किस अधिकार से गिराया है। बिना फ्रीहोल्ड कराये नजूल भूमि पर कोई अधिकार नगर पालिका का नहीं बनता है। इसे गिराने का आदेश किसने दिया, ये भी जानकारी नहीं दी है। उन्होंने कहा कि पेशवाकालीन इमारत को गिराने का अधिकार किसी को नहीं है। ऐसी सूरत में ईओ का जवाब गोलमोल व तकनीकी बहानेबाजी से युक्त है।



पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव।

# 3560 रुपए समेत चोर दबोचा



पुलिस गिरफ्त में चोर।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पांडेय की देखरेख में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पांडेय की अगुवाई में पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा कर 3560 रुपए समेत चोर को दबोचा।ज्ञात है कि 29 सितम्बर को कसहाई रोड के जन्मेजय सिंह पुत्र उदल सिंह ने कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट लिखाई थी कि अज्ञात चोर घर से 25 हजार रुपये नकद व जेवरात चोरी कर ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर खुलासे की जिम्मेदारी चैकी प्रभारी जिला कारागार राजीव सिंह को सौंपी। चैकी प्रभारी ने विवेक सिंह उर्फ गोलू पुत्र अरविंद सिंह निवासी लोढ़वारा को चोरी के 3560 रुपये समेत गिरफ्तार किया। पूंछताछ में बताया कि चोरी का रुपया खर्च हो गया है। सिर्फ इतना ही बचा है। बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा राजीव सिंह व सिपाही संजय पाल शामिल रहे।

## बांग्लादेश में बारापुकुरिया कोयला खदान का उत्पादन रोका गया



**ढाका।** बांग्लादेश के दिनाजपुर जिले में स्थित बारापुकुरिया कोयला खदान में शुक्रवार से उत्पादन रोक दिया गया है। इससे पहले भी यह खदान अक्टूबर के पहले पखवाड़े में 13 दिन बंद रही थी। इसके बाद से अब तक कुल 2.71 लाख मीट्रिक टन कोयला उठाया गया। इस खान से बारापुकुरिया कोयला आधारित बिजली संयंत्र को आपूर्ति होती है।
स्थानीय समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट में कोयला खदान के उप महाप्रबंधक राशेद कमल के हवाले से कहा है कि उत्पादन रोकने का फैसला मशीनरी को स्थानांतरित करने की वजह से लेना पड़ा। इसमें करीब एक माह का समय लगेगा। फरवरी में बारापुकुरिया कोयला खदान में उत्पादन शुरू हो जाएगा।
रिपोर्ट के अनुसार बारापुकुरिया कोयला आधारित बिजली संयंत्र के लिए लगभग 1.95 लाख मीट्रिक टन कोयला स्टॉक में है। बिजली संयंत्र के प्रबंधक अब्दुल्ला अल मामुन के अनुसार, बिजली संयंत्र में 525 मेगावाट क्षमता की तीन इकाइयां हैं और बिजली संयंत्र को दो महीने तक चलाने के लिए पर्याप्त कोयला है।

## पाकिस्तान में आतंकियों ने लड़कियों का स्कूल फूंका



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों ने लक्की मारवत जिले के बन्नू के कोटका मांबती बराकजई इलाके में लड़कियों के सरकारी उच्चतर माध्यमिक स्कूल में विज्ञान प्रयोगशाला और वहां रखे उपकरणों में आग लगा दी। यह स्कूल मिरयान तहसील में है।
डान अखबार की रिपोर्ट के अनुसार प्रयोगशाला और स्टाफ रूम के साथ-साथ फर्नीचर और अन्य वस्तुएं नष्ट हो गईं। आतंकवादी सौर ऊर्जा प्रणाली और अन्य सामान भी अपने साथ ले गए। स्कूल के गेट पर एक धमकी भर पत्र चिपका गए हैं। इसमें स्कूल को खोलने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई है। क्षेत्र के सभी स्कूल शीतकालीन अवकाश के कारण बंद हैं।

## रूस ने यूक्रेन पर किया अब तक का सबसे भीषण हमला, 27 लोगों की मौत, 122 मिसाइल दागीं, 36 ड्रोन से की बमबारी



**कीव।** रूस ने यूक्रेन पर अबतक क सबसे भीषण हमला में यूक्रेनी ठिकानों पर निशाना साधते हुए 122 मिसाइल दागीं और 36 ड्रोन से बमबारी की जिसमें कम से कम 27 आम लोग मारे गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है। वायुसेना के एक अधिकारी ने कहा कि यह 22 महीने से जारी युद्ध में सबसे बड़ा हवाई हमला है। अधिकारियों ने कहा कि गुरुवार से शुरू हुए रूस के हमले में एक प्रसव कराने वाल अस्पताल, अपार्टमेंट ब्लॉक और कई स्कूल नष्ट हो गए। उन्होंने कहा कि लगभग 18 घंटे तक जारी रहे हमले में कम से कम 27 लोग मारे गए और अनेक लोग मलबे में दब गए तथा 144 अन्य घायल हुए हैं। यूक्रेन के सेना प्रमुख वलेरी जलुजनी ने कहा कि यूक्रेनी वायुसेना ने रातभर में ज्यादातर मिसाइल और शाहेद ड्रोन को मार गिराया। वायुसेना के कमांडर मायकोला ओलेशचुक ने अपने आधिकारिक टेलीग्राम चैनल पर लिखा, यह फरवरी 2022 में रूस द्वारा पूर्ण स्तर का युद्ध शुरू किए जाने के बाद से सबसे बड़ा हवाई हमला है। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, पिछला सबसे बड़ा हमला नवंबर 2022 में हुआ था, जब रूस ने यूक्रेन पर 96 मिसाइल दागी थीं। इस वर्ष पहला सबसे बड़ा हमला नौ मार्च को हुआ था, जब रूस ने 81 मिसाइल दागीं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूसी सेना ने बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइल सहित विभिन्न प्रकार के हथियारों का इस्तेमाल किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज, रूस ने अपने शस्त्रागार में मौजूद लगभग हर प्रकार के अस्त्रों का इस्तेमाल किया। यूक्रेनी वायुसेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने कहा कि रूस ने पूरे यूक्रेन में विभिन्न लक्ष्यों पर हमले के लिए स्पष्ट रूप से अपने पास मौजूद सभी चीजों का इस्तेमाल किया। अधिकारियों के अनुसार, बृहस्पतिवार से शुरू हुए हमले लगभग 18 घंटे तक जारी रहे, जिनमें राजधानी कीव और पूर्वी एवं पश्चिमी यूक्रेन के क्षेत्रों सहित छह शहरों को निशाना बनाया गया।


**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।


# नेपाल: प्रदर्शनकारियों पर पुलिस फायरिंग मामले में डीएसपी निलंबित, डीएम और एसपी का तबादला


**काठमांडू।** काठमांडू की सड़कों पर शुक्रवार को प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा में पुलिस की गोली से दो लोगों के मारे जाने के मामले में सरकार ने शनिवार को सख्त कार्रवाई की है। सरकार ने फायरिंग का आदेश देने वाले ललितपुर के डीएसपी को निलंबित कर दिया है और डीएम तथा एसपी को वहां से हटा दिया है। प्रत्येक मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद का ऐलान किया है। घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। हालांकि इस घटना को लेकर शनिवार को भी विरोध प्रदर्शन हुए हैं।
दरअसल, बेरोजगार युवाओं के विरोध प्रदर्शन के बीच काठमांडू की कोटेश्वर बालकुमारी सड़क पर शुक्रवार को दिनभर तनाव की स्थिति बनी रही। शुक्रवार की दोपहर से ही कोरिया में रोजगारी के लिए जाने वाले लोगों के लिए रोजगारी अनुमति प्रणाली (इपीएस) की परीक्षा होनी थी लेकिन अधिकांश युवाओं को इस परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं मिली। गुस्साए युवाओं ने सड़क पर



जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। नेपाल सरकार के भौतिक योजना तथा यातायात मंत्री प्रकाश ज्वाला ने बताया कि उपद्रवी भीड़ ने उनको तथा उनके दोनों सुरक्षाकर्मियों को कार से उतार कर उनके सरकारी वाहन में आग लगा दी।
ललितपुर के एसपी सिद्धविक्रम शाह ने बताया कि शुक्रवार को मंत्री की कार में आगजनी के बाद तनावपूर्ण स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को गोली चलानी पड़ी, जिसमें दो युवाओं की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे शहर में सरकार के खिलाफ उग्र प्रदर्शन शुरू हो गया, जो शनिवार को भी जारी है। विपक्षी दल से जुड़े छात्र संगठनों ने गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग की है। इसी बीच शनिवार को सरकार ने प्रत्येक मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है। साथ ही पुलिस फायरिंग का आदेश देने वाले ललितपुर के डीएसपी को निलंबित कर दिया गया है। आज दोपहर हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने ललितपुर के एसपी और डीएम का तबादला करने का फैसला किया है। सरकार की प्रवक्ता एवं सूचना तथा संचार मंत्री रेखा शर्मा ने बताया कि गोलीकांड की जांच के लिए सरकार ने एक उच्च स्तरीय जांच समिति बनाने का भी निर्णय किया है।

# हमास की सात अक्टूबर को इजराइली महिलाओं के साथ की गई दरिंदगी की दास्तां आई सामने

**वाशिंगटन।** इस साल सात अक्टूबर को हमास ने हमले के समय इजराइली महिलाओं को चुन-चुन कर निशाना बनाया। उनके साथ दरिंदगी की सारी हदें पार कर दीं। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी खोजी रपट में अमानवीयता की रोंगटे खड़े कर देने वाली दास्तां देश-दुनिया के सामने रखी है।
द न्यूयॉर्क टाइम्स ने आठ अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में अपनी लापता दोस्त की तलाश कर रही एक महिला के शूट किए गए वीडियो का भी अपनी रिपोर्ट में जिक्र किया है। इसमें हमास की अमानवीयता का सामना करने काली पोशाक वाली एक महिला का जिक्र है। इस वीडियो पर इजराइली पुलिस अधिकारियों ने कहा कि उनका मानना है कि सुश्री (...) के साथ बलात्कार किया



गया था। हमास के आतंकवादियों ने गाजा सीमा पर सैन्य ठिकानों और किबुत्जिम में महिलाओं के साथ क्रूरता की।
अखबार ने यह रिपोर्ट वीडियो फुटेज, तस्वीरों, मोबाइल फोन के जीपीएस डेटा, गवाहों, चिकित्साकर्मियों, सैनिकों और परामर्शदाताओं सहित 150 से अधिक लोगों के साक्षात्कार पर तैयार की है। साथ ही कम से कम सात स्थानों पर पड़ताल की जहां इजराइली महिलाओं और लड़कियों का यौन उत्पीड़न किया गया। साथ ही उनके शरीर को क्षत-विक्षत कर दिया गया। दुष्कर्म के बाद महिलाओं की हत्या कर दी गई। कुछ को बेलिबास कर सड़क पर फेंक दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार 30 से अधिक महिलाओं और लड़कियों के क्षत-विक्षत शव पाए गए।

## बीआईएस के 77 वें स्थापना दिवस पर आयोजित हुई प्रतियोगितायें

**कुरुक्षेत्र ,** भारत सरकार के कंज्यूमर अफेयर्स, फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन मंत्रालय के अधीन कार्यरत ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) यानी भारतीय मानक ब्यूरो के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर बीआईएस की हरियाणा शाखा ने गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खैरा में एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और मानक लेखन प्रतियोगिता में पोस्टर मेकिंग और और निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की । ग्यारहवीं और बारहवीं के चयनित 35 छात्रों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया।




प्रतियोगिताओं का आयोजन स्कूल के प्रिंसिपल दया सिंह स्वामी और मेंटर जसविंदर सिंह की अगुवाई में किये गये। बीआईएस की ओर से आशीष कुमार, ग्रेजुएट इंजीनियर कार्यक्रम में उपस्थित रहें "प्रमाणन का महत्व" विषय पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उल्लेखनीय रचनात्मकता का प्रदर्शन देखा गया। नवीन प्रविष्टियों के कारण विजेताओं का चयन करना चुनौतीपूर्ण साबित हुआ, जिसमें बारहवीं कक्षा की तमन्ना ने प्रथम पुरस्कार, ग्याहरवी कक्षा के निश्चल ने दूसरा पुरस्कार और बारहवीं क्लास के आदित्य ने दूसरा पुरस्कार जीता।
इसके बाद क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ग्याहरवी कक्षा की माहेश्वरी विजेता बानी,ग्याहरवी कक्षा की नैंसी ने दूसरा स्थान और , ग्यारहवी कक्षा के एकलव्य ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## एलन मस्क के एक्स से बाल यौन उत्पीड़क बाहर, 11 मिलियन खातों पर चला चाबुक, ट्विटर को पीछे छोड़ा

**वाशिंगटन।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स ने दावा किया है कि उसने साल 2023 में बाल यौन शोषण नीतियों का उल्लंघन करने वाले अकाउंट्स को निलंबित करने के मोर्चे पर पूर्ववर्ती ट्विटर को पीछे छोड़ दिया है। एक्स सेफ्टी में 28 दिसंबर को यह तुलनात्मक रिपोर्ट प्रकाशित की गई है।
इस रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल जनवरी और नवंबर के बीच उसकी नीति का उल्लंघन करने वाले 11 मिलियन (एक करोड़ दस लाख) से अधिक खातों को स्थायी रूप से निलंबित कर दिया। ट्विटर ने 2022 में लगभग 2.3 मिलियन खातों को निलंबित किया था।
उल्लेखनीय है कि एक्स दुनिया के सबसे अमीर शख्स टेस्ला और स्पेस एक्स के सीईओ एलन मस्क के स्वामित्व वाला लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफार्म है। एक्स ने यह भी कहा है कि उसने 2023 की पहली छमाही में नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन साइबर टिपलाइन को 430,000 रिपोर्ट भेजीं, जबकि ट्विटर ने 2022 के दौरान 98,000 से अधिक रिपोर्ट भेजीं। उल्लेखनीय है कि मस्क ने नवंबर 2022 में भारी रकम खर्च कर ट्विटर का अधिग्रहण किया था।

## चीन की राष्ट्रीय परिषद ने दो नए परमाणु संयंत्रों को मंजूरी दी

**बीजिंग।** चीन की राष्ट्रीय परिषद ने दो नई परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं को मंजूरी दी है। परिषद ने देश के परमाणु ऊर्जा उद्योग के नवाचार और विकास के लिए गहन समर्थन का आह्वान किया है।
चाइना डेली ने अपनी रिपोर्ट में प्रधानमंत्री ली कियांग की अध्यक्षता में चीन के मंत्रिमंडल की कार्यकारी बैठक के हवाले से कहा है कि राष्ट्रीय परिषद की बैठक में शुक्रवार को दक्षिण चीन के गुआंग्डोंग प्रांत में ताइपिंग्लिंग परमाणु ऊर्जा परियोजना के साथ-साथ झेजियांग प्रांत में जिंकिमेन परमाणु ऊर्जा परियोजना को मंजूरी दी गई है।
बैठक में इस बात पर जोर दिया गया है कि परमाणु ऊर्जा की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। दोनों परियोजनाओं को तेज गति से पूरा किया जाएगा। इस बैठक में नए प्रकार के शहरीकरण के लिए जन-केंद्रित दृष्टिकोण को बढ़ावा देने पर बल दिया गया।

## भारतीय मानक ब्यूरो हरियाणा शाखा कार्यालय की गुणवत्ता प्रतिबद्धता: स्टैंडर्ड क्लब के छात्रों के लिए चल रही प्रतियोगिताएं




**फतेहाबाद, 30 दिसंबर 2023**
77वें भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में, हरियाणा शाखा कार्यालय ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गाजूवाला, फतेहाबाद में एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया।
ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के कुल 30 उत्साही छात्रों ने स्कूल के प्रिंसिपल श्री जय सिंह गोधरा के साथ मेंटर श्री विनोद कुमार के मार्गदर्शन में प्रतियोगिताओं में भाग लिया। बीआईएस की और से श्री आशीष कुमार, ग्रेजुएट इंजीनियर की कार्यक्रम में रही। उन्होंने युवा दिमागों के प्रयासों की सराहना की और विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने में बीआईएस के महत्व पर प्रकाश डाला।
"प्रमाणन का महत्व" विषय पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उल्लेखनीय रचनात्मकता का प्रदर्शन देखा गया। नवीन प्रविष्टियों के कारण विजेताओं का चयन करना चुनौतीपूर्ण साबित हुआ, जिसमें नौंवी कक्षा के अनमोल ने प्रथम पुरस्कार, नौंवी कक्षा के मयंक ने दूसरा पुरस्कार और नौंवी कक्षा की खुशी ने तीसरा पुरस्कार जीता। इसके अतिरिक्त नौंवी कक्षा की सिमरन को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए सांत्वना पुरस्कार मिला।
इसके बाद क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नौंवी कक्षा के रोबिन विजेता बने, नौंवी कक्षा की कुसुम ने दूसरा स्थान और , नौंवी कक्षा की राखी ने तीसरा स्थान हासिल किया। नौंवी कक्षा के रवीन को उनके विचारशील योगदान के लिए सांत्वना पुरस्कार मिला। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जहां छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की गई। इस उत्सव ने न केवल 77वें बीआईएस स्थापना दिवस को चिह्नित किया, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्ता मानकों और उनके महत्व के बारे में अगली पीढ़ी की समझ को विकसित करने के लिए एक मंच के रूप में भी काम किया।

# चीन के दबाब में पोखरा अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल की योजना बनाने वालों के खिलाफ उठी कार्रवाई की मांग

**काठमांडू।** पोखरा में बिना किसी दीर्घकालिक योजना के अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल के निर्माण की योजना बनाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग उठ रही है। अन्तरराष्ट्रीय संबंध तथा पर्यटन समिति के सभापति राजकिशोर यादव ने कहा कि सिर्फ चीन को खुश करने के लिए बिना किसी दूरदृष्टि के देश के अरबों रुपये झोंक देना किसी राष्ट्रद्रोह से कम नहीं है।
नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के 17वें वार्षिकोत्सव में सांसद राजकिशोर यादव ने कहा कि जिस सरकार के कार्यकाल में पोखरा में अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल निर्माण की योजना बनी, उस समय के प्रधानमंत्री और संबंधित मंत्रालय के मंत्री को यह जवाब देना होगा कि यह फैसला चीन के दबाब में किया गया या फिर चीन को खुश करने के लिए किया गया था? पोखरा अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल का उद्घाटन हुए एक साल होने जा रहा है और आज तक वह नियमित संचालन में नहीं आ पाया है।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संसदीय समिति के सभापति यादव ने कहा कि बिना किसी दीर्घकालिक योजना के विमानस्थल निर्माण पर चीन से अरबों रुपये का




ऋण लेकर इसे बनाना और आज एयरपोर्ट के नियमित संचालन नहीं होने के बावजूद देश को ऋण के जाल में फंसने देने का दोषी कौन है? उन्होंने कहा कि किन परिस्थितियों में और किसके दबाब में इतना बड़ा फैसला लिया गया था, यह जगजाहिर है।
संसदीय समिति के सभापति ने भैरहवा में निर्मित गौतम बुद्ध अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल को लेकर भी सवाल उठाया है? उस विमानस्थल का उद्घाटन हुए लगभग दो वर्ष होने जा रहा है लेकिन आज तक वह विमानस्थल भी संचालन में नहीं आ पाया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सीमावर्ती शहर के इतने नजदीक में विमानस्थल निर्माण का ठेका किसी चीनी कंपनी को क्यों दिया गया? क्यों सरकार ने भारत की सुरक्षा और सामरिक रणनीति का ख्याल नहीं रखा?